नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 328 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 23 सितंबर 2023





पेज -4 पर
तीन दिवसीय चक्रधर समारोह में रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों ने ...






भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची छाल मंडल, हाटी में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया ...
पेज -8 पर


# छत्तीसगढ़ में 24 घंटे भारी बारिश की चेतावनी, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में यलो अलर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। रायपुर में सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग में आज कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। गुरुवार को दिन भर हुई बारिश से तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट आई है। शुक्रवार को सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग में तेज बारिश हो सकती है। इन दोनों संभागों से लगे जिलों में भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने निचले इलाकों में जलभराव और फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई है ।

### इस जिलों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, और कबीरधाम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां एक दो जगहों पर भारी से अति बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।



### इस जिलों में यलो अलर्ट

रायपुर, दुर्ग, बालोद ,राजनांदगांव, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कोरबा, रायगढ़ जिले में यलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही इन जिलों के एक दो जगहों पर मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

### कब जारी किया जाता है यलो अलर्ट?

जब कई जगह पर भारी बारिश की आशंका होती है तो सरकार येलो अलर्ट जारी करती है। यलो अलर्ट में 64.5 से 115.5 मिमी तक बारिश होने की उम्?मीद होती है। मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी करने का मतलब है कि अभी कोई खतरा नहीं है, लेकिन मौसम कभी भी खतरनाक हालात बना सकता है। इसमें भारी बारिश के 2 घंटे तक होने की आशंका रहती है। साथ ही बाढ़ आने की आशंका भी रहती है।

ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने का मतलब है कि 115.6 मिमी से 204.4 मिमी तक बारिश हो सकती है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऑरेंज अलर्ट के दौरान बहुत भारी बारिश हो सकती है। चक्रवातीय तूफान के दौरान हवा की रफ्तार 65 से 75 किमी प्रति घंटा होने की आशंका पर मौसम विभाग ऑरेंज अलर्ट जारी करता है। ऑरेंज अलर्ट के दौरान खतरनाक बाढ़ आने की आशंका बढ़ जाती है।


GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
METEOROLOGICAL CENTRE, RAIPUR

## एक नजर

### स्कूल वैन में लगी आग, तीन बच्चियां झुलसी

#### अभिभावकों ने लगाया अनफिट गाड़ी चलाने का आरोप, प्राचार्य ने कहा- स्कूल की गाड़ी होती तो जिम्मेदारी लेते




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के तखतपुर में स्कूल वैन में अचानक भीषण आग लगने से गाड़ी में सवार बच्चे बाल-बाल बचे. आनन-फानन में बच्चों को गाड़ी का दरवाजा खोलकर बाहर निकाला गया. बच्ची के मुताबिक हादसे के दौरान वैन में 11 बच्चे बैठे हुए थे. इनमें से तीन बच्चियां झुलसी हैं. ये बच्चे शुक्रवार की सुबह अपने घरों से आत्मानंद स्कूल जाने के लिए निकले हुए थे. मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है.दरअसल, आत्मानंद स्कूल ले जा रही एक स्कूल वैन में अचानक आग लग गई. जानकारी के मुताबिक वैन के भीतर पेट्रोल की स्मैल आ रही थी. जिसके बाद ड्राइवर ने वैन सड़क के किनारे ताम्रकार ज्वैलर्स के पास खड़ी की और उसे चेक किया. इसके बाद जब गाड़ी स्टार्ट की तो उसमें आग लग गई. जिसे देखते ही पास के दुकानदारों ने मिलकर आग को बुझाया. इस हादसे पर बच्चों के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और गाड़ी मालिक पर अनफिट गाड़ी चलाने समेत अन्य आरोप लगाए हैं. जानकारी के मुताबिक पहले भी इस तरह की शिकायत सामने आ चुकी है. इसके बाद भी चालक या वैन मालिक की ओर से गाड़ी पर ध्यान ना देना लापरवाही को दर्शाता है.


पीएससी का एक और गोलमाल

# 719 अंक वाले को बुलावा, 771 वाले का लिया ही नहीं इंटरव्यू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2022 की भर्ती परीक्षा पूरी तरह विवादों में आ गई है। अभी तक अफसरों और नेताओं के रिश्तेदारों को नौकरी देने का मामला सामने आया था। अब एक नया मामला उजागार हुआ है। अब पीएससी पर इंटरव्यू में भेदभाव का आरोप लगा है। पीड़ित अभ्यर्थी ने इसकी लिखित शिकायतक की है। ओबीसी कैटेगरी में आने वाले वाले शिवम कुमार देवांगन ने पीएससी के सचिव और परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर यह शिकायत की है। सीजी पीएससी 2022 की भर्ती के दौरान ओबीसी श्रेणी में लिखित परीक्षा में 710 से 715 नंबर पाने अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया गया। शिवम कुमार देवांगन का आरोप है कि उन्हें लिखित परीक्षा में 771.5 अंक प्राप्त हुए थे, इसके बावजूद उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया नहीं गया। शिवम ने इस पूरे मामले की जांच करने का आग्रह किया है।


प्रति,
सचिव महोदय / परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. लोक सेवा आयोग,
अटल नगर नवा रायपुर
विषय: राज्य सेवा परीक्षा 2022 के साक्षात्कार में नहीं बुलाए जाने बाबत।
महोदय,
मेरा नाम शिवम कुमार देवांगन, निवासी दुर्ग है मैंने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 दी थी। आयोग द्वारा जारी मुख्य परीक्षा की आंसरसीट से मुझे यह ज्ञात हुआ है कि मेरे अंक कुल 771.5 (सात सौ इकहत्तर दशमलव पाँच) है जबकि डिटेल मेरिट लिस्ट के गहन विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया है कि OBC से अंतिम साक्षात्कार हेतु चयनित कैंडिडेट के लिखित पेपर में (Main) 719.00 अंक है। यह भी ज्ञात हुआ है कि अंतिम रूप से सेलेक्टेड कैंडिडेट जिसका रैंक 136 व प्राप्त पोस्ट सहायक जेल अधीक्षक है के मेंस में अंक 770.50 है।
अतः आपसे निवेदन है कि मामले की जाँच की जाए व प्रार्थी के साथ न्याय हो।
प्रार्थी
Shivam 20.09.2023
शिवम कुमार देवांगन
अनुक्रमांक - 2228158932
स्थायी निवास - पाटन
संलग्न
1. मुख्य परीक्षा की छायाप्रति (7) (उत्तर कुंजी)
2. डिटेल मेरिट लिस्ट
3. मुख्य परीक्षा 2022 का रिजल्ट
4. एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र)
5. मेंस परीक्षा रिजल्ट एवं सेलेक्शन लिस्ट

# शिवसेना ने 20 सीटों पर उतारे अपने उम्मीदवार


विधानसभा प्रत्याशी लिस्ट 2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. अमरदास नौरंगे | : | अहिवारा विधानसभा |
| 2. माखन यादव | : | राजनांदगांव विधानसभा |
| 3. नरेन्द्र तिवारी | : | पंडरिया विधानसभा |
| 4. सुमीत बंजारे | : | डोंगरगांव विधानसभा |
| 5. धरम कंवर | : | बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा |
| 6. वेद राठौड़ | : | राजिम विधानसभा |
| 7. नितिन कुमार भांडेकर | : | डोंगरगढ़ विधानसभा |
| 8. बाबा पवार | : | बेलतरा विधानसभा |
| 9. कृष्णा कुमार यदु | : | कसडोल विधानसभा |
| 10. इन्द्रजीत साहू | : | बलौदाबाजार विधानसभा |
| 11 हिमांशु शर्मा | : | रायपुर पश्चिम विधानसभा |
| 12. संजय नाग | : | रायपुर उत्तर विधानसभा |
| 13. अशोक लहरे | : | धरसींवा विधानसभा |
| 14. घनश्याम मरकाम | : | कोण्डागांव विधानसभा |
| 15. प्रेमशंकर महिलांगे | : | जैजैपुर विधानसभा |
| 16. देवनाथ कश्यप | : | जगदलपुर विधानसभा |
| 17. आर.के. शुक्ला | : | अंबिकापुर विधानसभा |
| 18. रमेश इड़हरिया | : | खल्लारी विधानसभा |
| 19. उमेश्वरी कश्यप | : | अकलतरा विधानसभा |
| 20. [illegible] | | |

संतोष शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता
मधुकर पाण्डेय अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी
धनंजय सिंह परिहार प्रदेश प्रमुख छत्तीसगढ़ शिव सेना
रेशम लाल जांगड़े प्रदेश महासचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना ने 20 विधानसभा में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। लिस्ट में रायपुर पश्चिम और रायपुर उत्तर विधानसभा भी शामिल है।

# धान खरीदी का श्रेय लेने के कांग्रेस के आरोप पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का पलटवार, कहा- जनता के सामने ला रहे यथार्थ



**रायपुर।** कांग्रेस के धान खरीदी पर बीजेपी के श्रेय लेने के आरोप पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हम धान खरीदी के यथार्थ को जनता के सामने ला रहे हैं. पूरे धान को चावल के रूप में केंद्र सरकार ही खरीदती है. राज्य सरकार खरीदी के रूप में केंद्र सरकार के रूप में बिठाते हैं. पूरा धान केंद्र सरकार ही लेती है, राज्य सरकार धान का क्या करेगी.


पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने मीडिया से धान खरीदी पर चर्चा में कहा कि केंद्र सरकार मिनिमम सपोर्ट प्राइस देती है. इस तरह से बोनस को छोड़कर बाकी 2170 रुपए की राशि जो दी जा रही है, वह केंद्र सरकार दे रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा की आज होने वाली बैठक को लेकर कहा कि गृह मंत्री के साथ बैठक में चर्चा होती, लेकिन अब प्रभारी ओम माथुर और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की उपस्थिति में बैठक होगी. गृह मंत्री से चर्चा के पहले जो स्टेट में चर्चा होती है, उस पर आपस में चर्चा करेंगे. अलग-अलग सीटों पर चर्चा करेंगे. इसके साथ ही प्रत्याशियों की अगली सूची को लेकर कहा कि देरी नहीं कर रहे. गृह मंत्री की व्यस्तता की वजह से थोड़ा विलंब हो रहा है. हम पहले शुरू किए हैं, इसलिए विलंब का सवाल नहीं है. पाटन में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा पर बोले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह कि पाटन की लड़ाई विजय बघेल पूरी ताकत से लड़ रहे हैं. पाटन में भारतीय जनता पार्टी ने सशक्त प्रत्याशी को उतारा है. मुकाबला शानदार होगा,बीजेपी आगे रहेगी.


# बी ई ओ और बीइओ सस्पेंड

### शिकायत की जांच के बाद शिक्षा विभाग की कार्रवाई आदेश जारी

**रायपुर।** शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को सस्पेंड कर दिया है। दोनों के खिलाफ कार्य में लापरवाही की लगातार शिकायत मिल रही थी। जांच के बाद शिक्षा विभाग ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। देखें जारी आदेश




छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर-492002
क्रमांक एफ 1-31/2023/20-2 नवा रायपुर, दिनांक 22/09/2023
प्रति,
संचालक,
लोक शिक्षण संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर।
विषय:- अनुशासनात्मक कार्यवाही- श्री एन.पी.कुर्रे, विखशिअ.आरंग, जिला रायपुर।
संदर्भ:- इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 22.09.2023
विषयांतर्गत संदर्भित आदेश द्वारा श्री एन.पी.कुर्रे, विखशिअ.आरंग, जिला रायपुर के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हेतु निलंबित किए गए है।
2/ अतः अपचारी लोक सेवकों के विरूद्ध आरोप पत्र जारी किए जाने हेतु आरोप पत्रादि (आरोप, अभिकथन, साक्ष्य एवं अभिलेखों की सूची) का प्रारूप श्री शीघ्र इस विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
(आर.पी.वर्मा)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा
3/3


छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर-492002
//आदेश//
नवा रायपुर, दिनांक 22/09/2023
(आर.पी.वर्मा)
अवर सचिव

# पिता ने दी बेटे की हत्या की सुपारी, तीन लाख में रायपुर से बुलाये दो हत्यारे



**रायपुर/गरियाबंद।** बेटे की हत्या की सुपारी देने वाले पिता सहित तीन आरोपियों को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बेटे की दूसरी शादी और उसकी प्रताड़ना से तंग आकर पिता ने रायपुर के दो लोगों को हत्या की सुपारी दी थी। तीन लाख में पिता ने हत्यारों से सौदा किया था। वहीं, गभीर रूप से घायल बेटे का उपचार अस्पताल में जारी है। दरअसल, राजिम निवासी गैरेज का काम करने वाले लोकेश गायकवाड़ के मोबाइल पर 8 सितम्बर को गाड़ी बुकिंग के लिए एक व्यक्ति का कॉल आया। कॉल के बाद दो युवकों के साथ लोकेश अपनी टाटा सूमो को चलाते हुए बुकिंग में चला गया। इस बीच फिंगेश्वर जमाही के पास सुनसान इलाके में वाहन को रुकवाकर बुकिंग कराने वाले युवकों ने चाकू से चालक लोकेश पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। एसपी गरियाबंद अमित तुकाराम काम्बले ने एएसपी डीसी पटेल को जांच कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। राजिम पुलिस ने पीड़ित से बयान लिया तो उसने अपने पिता पर संदेह जताया। इस आधार पर पिता कोमल गायकवाड़ को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ पर कोमल ने बताया कि उसने चौथी शादी की थी। उसके बेटे लोकेश ने भी पत्नी के रहते हुए अपनी डेढ़ सास से दूसरी शादी की थी। इन दोनों बातों को लेकर आये दिन बेटा उसके साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता था। बेटे की प्रताड़ना से वो काफी दुखी था और बेटे को वो रास्ते से हटाना चाहता था। इसके लिए कोमल ने रायपुर के रहने वाले अंकित जायसवाल और शिवम तिवारी को बेटे की हत्या के लिए तीन लाख की सुपारी दी थी। सुपारी लेने के बाद दोनों आरोपी ने लोकेश की हत्या के लिए योजना बनाये और उसकी रेकी करनी शुरू की। योजना के तहत दोनों आरोपियों ने लोकेश की टाटा सूमो को बुकिंग किया और उसे अपने साथ बुकिंग में ले गए। इसके बाद जमाही के पास सुनसान जंगल के पास चलती गाड़ी में उसके ऊपर हमला कर दिए। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित के आरोपी पिता और सुपारी किलर दोनों आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार किया गया।

पलाश चन्देल को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

# दुष्कर्म समेत कई आरोप खारिज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष के बेटे पलाश चन्देल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दुष्कर्म, एससी-एसटी एक्ट समेत कई आरोपों को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। दरअसल जांच रिपोर्ट के अध्ययन के बाद कोर्ट ने माना कि मामले में कोई अपराध नहीं बनता है।

### जस्टिस पांडेय की बेंच ने सुनाया फैसला

**जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया है। बीते 23 अगस्त को सुनवाई पूरी हुई थी जिसपर फैसला सुरक्षित रखा गया था। आदिवासी महिला से दुष्कर्म का ये पूरा मामला बताया जा रहा है।**

# रायपुर शहर को एक और फ्लाईओवर प्रोजेक्ट की मिली मंजूरी

रायपुर। तेलीबांधा चौक पर 3 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा. यह फ्लाईओवर तेलीबांधा चौराहे के अलावा वीआईपी तिराहा और अग्रसेन धाम चौक के ऊपर से गुजरेगा. यह राज्य का सबसे लंबा फ्लाईओवर होगा.



मंत्रालय में बुधवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में बीते तीन सालों से चल रहे फ्लाईओवर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी. इस पर करीब 485 करोड़ रुपए खर्च आएगा. पहले फ्लाईओवर केवल तेलीबांधा चौक के ऊपर से बनाया जाना था, लेकिन फ्लाईओवर के वीआईपी तिराहे के पास समाप्त हो रहा था. इससे वीआईपी तिराहे का प्रभावित होने वाले ट्रैफिक को देखते हुए इसकी लंबाई बढ़ाई गई. वाई शेप फ्लाईओवर के बनने से टाटीबंध से आरंग की तरफ और आरंग से टाटीबंध की तरफ जाने वाले वाहन तेलीबांधा तिराहे पर ट्रैफिक जाम में नहीं फंसेंगे. वहीं आरंग की ओर से रायपुर शहर के भीतर जाने वाले राहगीरों को भी सुविधा होगी. दुर्ग-भिलाई और महासमुंद की ओर वाहन सीधे निकल जाएंगे. रायपुर शहर की ओर जाने वाले वाहन सीधे तेलीबांधा थाने के सामने उतरेंगे. तेलीबांधा फ्लाई ओवर तकरीबन 2900 मीटर यानी लगभग 3 किमी लंबा होगा. इसकी चौड़ाई 24 मीटर होगी. इसे 6 लेन बनाया जाएगा. इसमें तीन लेन आने और तीन लेन के लिए के लिए होगी. दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव की तरफ जाने वाले तथा हावड़ा की तरफ से आने वाले वाहन सीधे निकल जाएंगे. वहीं शहर में आने वाली गाड़ियां ब्रिज के ऊपर से सीधे तेलीबांधा थाने के सामने उतरेगी.

# संवेदनाओं से जुड़ी, हमारी चेतना का विस्तार करने वाली पुस्तकों की आज सबसे ज्यादा आवश्यकता: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने 'बुत मरते नहीं' पुस्तक का किया विमोचन







**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज यहां एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में 'बुत मरते नहीं' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार श्री ब्रम्हवीर सिंह हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पुस्तक के लेखक श्री ब्रम्हवीर को बधाई देते हुए कहा कि पुस्तकें जो आंदोलित करें, पाठक को बांधकर रखें, संवेदनाओं से जुड़ी हों और जो हमारी चेतना का विस्तार करें ऐसी पुस्तकों की आज ज्यादा आवश्यकता है। आज हम अपने विचारों में संकुचित होते जा रहे हैं। आज कोई भी अपनी परंपरागत पहचान से बाहर आना नहीं चाहता। आज घुटन का दौर है, खुलेपन की बात करना बेमानी है लेकिन छत्तीसगढ़ में असहमति का सम्मान है, यहां अपनी बात खुलकर कह सकते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में विभिन्न वर्गों के बीच परस्पर सम्मान और सौहार्द्र को रेखांकित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जातियां तो हैं लेकिन उनमें वैमनस्यता नहीं है। यह हमारे पुरखों की गौरवशाली परंपरा रही है, इसे बढ़ाने की कोशिश हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जितने भी लेखक होते हैं वे




उपन्यास या अपनी कोई भी रचना को अपने बच्चे की तरह पालते हैं। तभी अच्छे से लिख पाता हैं। रचनाकार की भावनाएं अपनी रचना से जुड़ी होती हैं। आज लोगों को पुस्तकें पढ़ने का समय कम मिल पाता है। आज के समय में ऐसी पुस्तकें जो संवेदना और मानवीय गुणों से जुड़ी हैं, सोचने का एक नजरिया देती हैं। आज समाज को ऐसी पुस्तकों की जरूरत है। मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने हरिभूमि, आईएनएच द्वारा छत्तीसगढ़ के पर्यटन पर केन्द्रित पुस्तक 'आईए देखें छत्तीसगढ़' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने की। डॉ. महंत ने पुस्तक के लेखक को बधाई देते हुए कहा कि 10 साल पहले मैंने उनकी पहली पुस्तक का विमोचन किया था। आज दूसरी पुस्तक का विमोचन हो रहा है। उन्होंने लेखक को पुस्तक के प्रकाशन पर बधाई दी।

# 2024 की चुनावी लड़ाई जीतने के लिए भाजपा ने बेहद चतुराई से अपनी सांगठनिक सेना सजाई है

नए बने जिला अध्यक्षों में तकरीबन आधे जिला अध्यक्ष ऐसे रहे, जो पहले से ही संगठन में काम कर रहे थे। कोई जिले में महामंत्री था, कोई जिला उपाध्यक्ष था, तो कोई जिले में ही मंत्री था। कार्यकर्ता पहले की नीति की वजह 2024 का लोकसभा चुनाव है। लोकतंत्र में जनता सबसे ज्यादा उसे पसंद करती है, जिसकी नीतियों और लोककल्याणकारी योजनाओं को वह अपने लिए सबसे ज्यादा मुफीद पाती है।

यह सिर्फ एक पक्ष है। लोकतंत्र में जीत और हार के कई और भी कारण होते हैं। इसीलिए आज सत्ता के चयन के लिए होने वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया यानी चुनावों को आज युद्ध का दर्जा हासिल हो चुका है। युद्ध के लिए जिस तरह सैनिकों के मनोबल की जरूरत होती है, अच्छी रणनीति चाहिए होती है, कुछ इसी अंदाज में आज राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखने की कोशिश करते हैं और अपनी रणनीति बनाने में मशगूल रहते हैं।

चु नावों में चूंकि संगठन की बड़ी भूमिका होती है, इसलिए हर दल चाहता है कि उसका जमीनी स्तर तक संगठन मजबूत रहे। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह कुछ दिन पहले ही अपने करीब 71 प्रतिशत जिलाध्यक्षों को बदलकर एक तरह से संगठन को जहां चाकचौबंद



करने का प्रयास किया है, वहीं वह मतदाताओं को यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि उनकी आकांक्षाओं को भी राजनीतिक तौर पर ध्यान रखा जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान के बाद योगी आदित्य नाथ दूसरे मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें दूसरा कार्यकाल मिला है। फिर शासन का योगी मॉडल भी भाजपा शासित राज्यों में लगातार लोकप्रिय होता गया है। इसलिए योगी के सामने चुनौती है कि उत्तर

**नीति की वजह 2024 का लोकसभा चुनाव है। जिसमें करीब सात महीने का ही वक्त बचा है**

प्रदेश में लोकसभा चुनावों में अपनी कामयाबी दिखाएं। इस लिहाज से कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव उनके नेतृत्व की भी परीक्षा है। शायद यही वजह है कि जिलाध्यक्षों को बदलने के लिए यह कवायद की गई।

उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि दिल्ली की राह इसी राज्य से होकर जाती है। सिर्फ नरसिंह राव का कार्यकाल ऐसा रहा, जिसे इस कहावत के हिसाब से अपवाद कहा जा सकता है। उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा यानी अस्सी सीटें आती हैं। सहयोगी दलों के साथ भारतीय जनता पार्टी के पास पिछले चुनाव में भाजपा को जहां 62 सीटें मिलीं, वहीं उसके सहयोगी अपना दल को दो सीटें मिलीं। हालांकि इसके पहले के चुनाव में भाजपा को राज्य की 73 सीटें मिली थीं। उसके पहले राज्य में भारतीय जनता पार्टी की जो स्थिति थी, उसे बेहतर भी नहीं कहा जा सकता। लेकिन संगठन और रणनीति के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की धरती पर कमाल किया और तीस सालों के अंतराल के बाद अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब रही। भारतीय जनता पार्टी शायद ऐसा ही कमाल साल 2024 के आम चुनावों में दिखाना चाहती है। जिलाध्यक्षों के बदलाव को भाजपा की इसी कोशिश के तौर पर देखा जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में 98 संगठनात्मक जिले हैं, जिनमें से 29 जिलों के पुराने अध्यक्षों पर ही भरोसा किया है, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर और बीजेपी के राजनीतिक सफर का शक्तिपुंज अयोध्या जनपद प्रमुख हैं। आगरा और बरेली में भी पार्टी ने पुराने चेहरों पर ही भरोसा जताया है। पार्टी ने इसके साथ ही वाराणसी और गोरखपुर जिलों के जिलाध्यक्षों के साथ ही महानगर अध्यक्षों को भी बनाए रखा है। माना जा रहा है कि 29 जिलाध्यक्षों पर भरोसा बनाए रखने की वजह है, वहां हुए पंचायत और नगर निगम चुनावों में पार्टी का बेहतरीन प्रदर्शन। एक तरह से कह सकते हैं कि इन जिलाध्यक्षों पर भरोसा जताकर पार्टी ने माना है कि इनकी ही अगुआई में पार्टी को अगले लोकसभा चुनाव में फिर से अपना दमखम दिखाने में मदद मिलेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य को संगठन के लिहाज से छह क्षेत्रों में बांट रखा है। इनमें पार्टी ने सबसे ज्यादा पश्चिमी क्षेत्र से 17 जिलाध्यक्षों को बदला है। वहीं कानपुर क्षेत्र में 13 जिलों को नए अगुआ दिए गए हैं। इसी तरह ब्रज, काशी और अवध क्षेत्र के दस-दस जिलों के अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। इस तरह गोरखपुर क्षेत्र में 09 जिलाध्यक्ष बदले गए हैं। पार्टी ने सबसे ज्यादा बदलाव पश्चिमी क्षेत्र में किया है। इस इलाके में 19 जिला इकाइयाँ हैं, जिनमें से 17 के अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। इस इलाके में हालांकि गाज़ियाबाद महानगर व सहारनपुर जिलों के अध्यक्षों को नहीं बदला गया है। जाटलैंड के रूप में विख्यात इस इलाके में राज्य की 14 लोक सभा सीटें आती हैं। पिछले कुछ चुनावों से जाट लैंड को लेकर भाजपा चिंतित है। इसकी वजह यह है कि भारतीय राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी का समाजवादी पार्टी के साथ समझौता है। पश्चिमी क्षेत्र में पिछली बार बहुजन समाज पार्टी भी सेंध लगाने में कामयाब रही थी। इस बार भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती कि किसी भी तरह का खामियाजा उसे उठाना पड़े। नए बने जिला अध्यक्षों में तकरीबन आधे जिला अध्यक्ष ऐसे रहे, जो पहले से ही संगठन में काम कर रहे थे।

उमेश चतुर्वेदी

## संपादकीय

### भवन और भावना

घूम-फिर कर सवाल यही सामने है कि क्या नए संसद भवन में दोनों पक्ष नई- यानी संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली- भावना भी दिखाएंगे? उन्होंने ऐसा किया, तभी यह परिवर्तन ऐतिहासिक बन पाएगा। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों ने संसद के नए भवन में जाने से पहले पुराने भवन से जुड़ी स्मृतियों को याद किया। नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जिन्होंने इस मौके पर अनपेक्षित भावना का प्रदर्शन करते हुए जवाहर लाल नेहरू के ऐतिहासिक 'स्ट्रोक ऑफ द मिडनाइड' भाषण को याद किया और साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा भी अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में कई सकारात्मक बातें कहीं। विपक्षी नेताओं ने संसद की भावना से जुड़े कई प्रश्न उछाले। घूम-फिर कर सवाल यही सामने आया कि क्या नए भवन में दोनों पक्ष नई (या संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली) भावना भी दिखाएंगे? अगर दोनों पक्ष सिर्फ यह याद रखें कि सदन में पहुंचे सभी चेहरों को जनता ने निर्वाचित किया है और वे सभी जन प्रतिनिधित्व के लिए वहां आए हैं, तो संसदीय परंपरा को लेकर लगातार गहरी होती गई कई चिंताओं का समाधान निकल सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अल्पमत-यानी विपक्ष भी सरकार की गलतियों को बेनकाब कर और विरोध संगठित कर जनता की तरफ से सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वाह ही करता है, अगर यह बात सत्ता पक्ष आत्मसात कर ले, तो संसद में वे नजारे देखने को नहीं मिलेंगे।

# त्रासदीः लीबिया में जल प्लावन का सबब, जलवायु परिवर्तन और बड़े बांधों के प्रबंधन की चुनौती

कभी लीबिया की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले समुद्र तटीय शहर डेर्ना में इस समय मौत नाच रही है। करीब 90 हजार की आबादी के शहर में 21 हजार लोग या तो मारे गए या लापता हैं। शहर का आधा हिस्सा सुनामी की तरह आए सैलाब में पूरी तरह बह गया। जलवायु परिवर्तन के बीच कम रख-रखाव वाले बड़े बांध किस तरह मानवीय इतिहास की भीषणतम त्रासदी ला सकते हैं, यह दुनिया को चेतावनी है। विगत 10 सितंबर को भूमध्यसागरीय चक्रवाती तूफान के साथ-साथ पहाड़ों से घिरे डेर्ना शहर में भूस्खलन हुआ, मूसलाधार बारिश के साथ भयंकर हवाएं चलीं। फिर शहर को बाढ़ से बचाने के लिए बनाए गए दो विशाल बांध मिट्टी के ढेर की तरह बिखर गए और पानी ने तबाही मचा दी।

यह सभी जानते थे कि डेर्ना शहर बाढ़ की त्रासदी को लेकर संवेदनशील रहा है। वर्ष 1942 से अभी तक वहां पांच बार भयानक बाढ़ आई है। शहर को बाढ़ से बचाने के लिए बीती सदी के सातवें दशक में वादी-डेर्ना जलधारा पर दो बांध बनाए गए थे। इनमें से एक अल-बिलाद शहर से एक किलोमीटर दूर था। कोई 45 मीटर उंचाई के इस बांध की जलग्रहण क्षमता 15 लाख क्यूबिक मीटर थी। जबकि दूसरा बांध अबू मंसूर शहर से 13 किलोमीटर दूर था, जिसकी ऊंचाई 75 मीटर और जल ग्रहण क्षमता 2.25 करोड़ क्यूबिक मीटर थी।

गौरतलब है कि कर्नल गद्दाफी की सरकार के पतन के बाद लीबिया विभिन्न सशस्त्र गिरोहों



भीषण बारिश के कारण वहां दो जर्जर बांध आपदा में बदल गए। जलवायु परिवर्तन के बीच बड़े बांधों के प्रबंधन का यही सही समय है।

की हिंसा का शिकार है और देश के दो हिस्सों में अलग-अलग लोगों का नियंत्रण है। ऐसे में बांधों के रख-रखाव की किसी को परवाह नहीं थी। दोनों बांध इस तरह बने थे कि एक के भरने पर दूसरा भरता था। त्रासदी के समय इनमें एक साथ इतना पानी आ गया कि पहले अल बिलाद बांध भर गया और उसके जल भराव ने पानी को पीछे की तरफ धकेला। उधर अबू मंसूर में पहले से पानी भरा था। वह इस रिवर्स प्रेशर से बिखर गया और दोनों कमजोर बांध एक आपदा में बदल गए। अभी लोग वहां साफ पानी न मिलने से मर रहे हैं, शहर में फैल रही लाशों की बदबू ने बीमारी और मौत के नए अध्याय लिख दिए हैं। वहां न तो अस्पताल हैं, न ही डॉक्टर या दवा। हर तरफ इंसान और जानवरों के शव सड़ रहे हैं।

वैसे इस तबाही को केवल जर्जर बांध के सिर नहीं मढ़ा जा सकता। भले अभी इस तथ्य को स्वीकारने में हिचकिचाहट हो, पर 24 घंटे में 16 इंच यानी कोई 411 मिलीमीटर बरसात जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव की तरफ भी इशारा है। सनद रहे कि जिन नदियों पर बांध हैं, वे आमतौर पर सूखी ही रहती हैं। मुसलाधार बरसात ने डेर्ना शहर को घेरे हुए पहाड़ों से ताकतवर जलधाराओं को तेजी से नीचे गिराने और जबर्दस्त भूमि कटाव का काम किया। शुष्क जलवायु के कारण लीबिया में जंगल केवल 0.1 फीसदी है। लेकिन डेर्ना को पूर्वी लीबिया का उपजाऊ इलाका माना जाता है। यह हरा-भरा होने के साथ-साथ देश का सर्वाधिक पानीदार क्षेत्र भी है, जहां सालाना करीब 600 मिलीमीटर (24 इंच) वर्षा होती है। लेकिन दुर्भाग्य से विगत 10 सितंबर को एक ही दिन में इतना पानी गिर गया। इस शहर की स्थापना 15वीं शताब्दी में की गई थी। यहां अमेरिकी आए, फ्रेंच आए, इतालवी आए, और यह ब्रिटिश उपनिवेश भी रहा।

## मिला जुला

# जिला पुलिस ने किया पचास नग चाकू छूरी तथा दो एयर पिस्टल बरामद

### आनलाइन शापिंग पर चलाया विशेष अभियान

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर चांपा।

आगामी चुनाव के मद्देनजर अपराधों की रोकथाम हेतु ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से धारदार व बटनदार चाकू तथा एयर पिस्टल मंगाने वाले के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जिला पुलिस जांजगीर चांपा ने कुल पचास नग धारदार हथियार चाकू छूरी तथा दो एयर पिस्टल बरामद किया है। इन हथियार धारकों से भविष्य में इस प्रकार के हथियार नहीं मंगाने की समझाइश दी गई वहीं अभिभावकों से भी अपील की जा रही है कि अपने बच्चों को इस प्रकार के धारदार हथियार ना रखने की समझाइश दें। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया आगामी



चुनाव को देखते हुये जिला पुलिस जांजगीर चांपा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में अवैध रूप से धारदार हथियार बटनदार चाकू इत्यादि रखने वालों पर भी नजर रखी जा रही थी। चूंकि इस प्रकार के हथियारो से अपराध घटित करने एवं अनेक प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावनायें बनी रहती है। कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट से भी इस प्रकार के हथियार मांगे जाने की सूचना पर, साइबर सेल के माध्यम से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर ऐसे व्यक्तियों की सूची प्राप्त की गई। जिन्होंने इस प्रकार के हथियार मंगायें हैं। ऐसे लोगों से संपर्क कर उनके हथियार बरामद किये गये। उन सभी को इस प्रकार के हथियार मंगाने का कारण पूछा गया ए जिसमें कुछ लोगों द्वारा घरेलू कार्य एवं कुछ युवकों द्वारा फैशन के कारण इस प्रकार के डिजाइनर चाकू इत्यादि मंगाये थे। सभी को बरामद कर लिया गया एवं इनके धारकों को ऐसे हथियार ना रखने का समझाइश दिया गया। जिन लोगों ने ऐसा आर्डर कराया था किंतु आर्डर रिसीव नहीं हुआ था।

उन सभी के आर्डर कैंसिल कराये गये तथा आगे से इस प्रकार के हथियार नहीं मंगवाने की समझाइश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर सेल द्वारा की गई इस कार्यवाही में लगभग 50 चाकू एवं 02 एयर पिस्टल बरामद किया गया है। जिसमें कुछ छोटी कुछ बटनदार चाकू भी शामिल है। उक्त बरामदगी अभियान के दौरान पाया गया कि मंगाये गये चाकू युवा वर्ग के लोग हैं जिसमें ज्यादातर बीस से पच्चीस साल के युवाओं की संख्या अधिकतम पाई गई। इस हेतु पालक अभिभावकों से अपील की जा रही है कि अपने बच्चों को इस प्रकार के धारदार हथियार चाकू छुरी ना रखने समझाइश दें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपरोक्त बरामद किया गया चाकू एवं एयरपिस्टल फ्लिपकार्ट, स्नैपडील तथा अन्य शॉपिंग साइट से मंगाये गये थे। भविष्य में भी अन्य शॉपिंग साइटों से संपर्क कर जानकारी मंगाया जायेगा। इसके साथ ही लोकल विक्रेताओं से भी इस प्रकार के धारदार हथियार फैंसी चाकू छुरी बेचने पर पाबंदी लगाई जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में साइबर सेल के उप निरीक्षक पारस पटेल, सउनि मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह एवं साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इंफाल के कई हिस्सों में तनावपूर्ण स्थिति बरकरार

**इंफाल।** इंफाल के पूर्व और पश्चिम जिलों में शुक्रवार को स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन वहां माहौल शांत था। दरअसल, एक दिन पहले यहां कर्फ्यू लगाया गया था। दरअसल, गुरुवार को कुछ प्रदर्शनकारियों ने पांच युवकों की रिहाई की मांग करते हुए पुलिस स्टेशनों पर धावा बोल दिया। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने वहां पर कर्फ्यू लगा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, पांचों युवकों को अत्याधुनिक हथियार रखने और सेना की वर्दी जैसी छद्म वर्दी पहनने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### कई राउंड दागे गए आंसू गैस के गोले

इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट और हिंगांग और इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई और क्वाकीथेल में पुलिस स्टेशनों पर हमला करने



की कोशिश करने के बाद 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल थीं। इस स्थिति को काबू करने के लिए आरएएफ कर्मियों सहित सुरक्षा बलों को कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

### कई लोगों को मिली छूट

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इम्फाल पूर्व और इम्फाल पश्चिम जिले के अधिकारियों ने नगर पालिका, बिजली, स्वास्थ्य, पीएचईडी, मीडियाकर्मियों और हवाई अड्डे जाने वाले यात्रियों और अधिकारियों को कर्फ्यू के दायरे से छूट दी है।

### कई इलाकों में मिली कर्फ्यू में ढील

हालांकि, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों सहित इंफाल घाटी के कई हिस्सों में कर्फ्यू में ढील दी गई है, ताकि आम जनता दवाओं और खाद्य पदार्थों के साथ अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीद सके। थौबल जिले में सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक और बिष्णुपुर में सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

# राज्यसभा से निर्विरोध पास हुआ महिला आरक्षण बिल...पीएम ने बताया निर्णायक क्षण!

### पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा से महिला आरक्षण बिल पास होने पर ट्वीट किया

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण पर वोटिंग हुई. इस वोटिंग में सभी सांसदों ने एक सुर में बिल को समर्थन दिया. राज्यसभा में बिल के पक्ष में 214 वोट डाले गए.

जबकि बिल के विरोध में एक भी वोट नहीं डाला गया. बिल पारित होने के बाद तमाम महिला




सांसदों ने संसद के गेट पर खड़े होकर पीएम मोदी का आभार जताया. इस दौरान कई सांसदों ने उन्हें बुके और शॉल गिफ्ट की, साथ में सभी के साथ पीएम मोदी ने भी फोटो खिंचवाए.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा से महिला आरक्षण बिल पास होने पर ट्वीट किया. पीएम ने लिखा, हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण! 140 करोड़ भारतीयों को बधाई. मैं उन सभी राज्यसभा सांसदों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए वोट किया. इस तरह का सर्वसम्मत समर्थन वास्तव में खुशी देने वाला है. उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने के साथ, हम भारत की महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के युग की शुरुआत करते हैं. यह महज एक विधान नहीं है, यह उन अनगिनत महिलाओं को श्रद्धांजलि है जिन्होंने हमारे देश को बनाया है. भारत उनके लचीलेपन और योगदान से समृद्ध हुआ है.

# शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने का लेकर थाना प्रभारी छाल ने ली ग्राम सरपंचों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

आसन्न चुनावों को लेकर जिला पुलिस बेहद गंभीर है, पुलिसकर्मियों और ग्राम कोटवार को चुनावी प्रशिक्षण दिये जाने के बाद थाना प्रभारियों द्वारा ग्राम सरपंचों की बैठक ली जा रही है । इसी कड़ी में बीते मंगलवार को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा चुनावों को निष्पक्ष एवं भयमुक्त तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा मतदान केन्द्र की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के मद्देनजर थानाक्षेत्र के ग्राम सरपंचों के साथ एक बैठक किया गया ।



बैठक के दौरान थाना प्रभारी छाल ने सरपंचों को बताया गया कि चुनाव को शांतिपूर्वक निपटान करवाना हम सब की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है । शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने व चुनावों को निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले, आमजन को उकसाने, भड़काने व शांति भंग करने वाले असामाजिक शरारती स्वार्थी तत्वों पर पुलिस द्वारा लगातार कड़ी निगाह रखी जा रही है। उन्होंने सरपंचों से मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर गांवों में अवैध शराब की बिक्री, शरारती व असामाजिक तत्व व गड़बड़ी फैलाने वाले की सूचना पुलिस को देने कहा गया है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 23 सितंबर 2023

# बीजेपी के परिवर्तन यात्रा के आमसभा में कुर्सियां रही खाली, खाली कुर्सियों को संबोधित करते रहे नेता

## भाजपाईयों की नाकामी नहीं जुटा पाए भीड़, भाजपा को कोरबा विधानसभा सीट जीतना है तो केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप की जरूरत

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।






चुनाव करीब आते ही सियासी पारा चढ़ चुका है। एक दिन पहले कोरबा जिले में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का गुरुवार को आगमन हुआ। प्रेस वार्ता में उन्होंने दावा किया कि लोग परिवर्तन यात्रा से जुड़ रहे हैं। लेकिन शाम की सभा में उनके इस झूठ की जनता ने पोल खोल दी। परिवर्तन यात्रा के बाद एक सभा का आयोजन घंटा घर में किया गया था। जहां कुर्सियां खाली पड़ी रही, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के उपमुख्यमंत्री कोरबा में खाली कुर्सियों को देख बगले झांकने लगे। जिले के संगठन पर इसे लेकर सवाल भी उठे। पाठक ने चतुराई दिखाते हुए मंच पर ज्यादा समय व्यतीत नहीं किया और दो लाइन में अपनी बात खत्म कर लौट गए। भाजपा नेता खाली कुर्सियों को ही भाषण देते रहे। सभा में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, वर्तमान नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पुन्नू लाल मोहले ननकी राम कंवर के साथ ही जिले के तमाम भाजपा के नेता मौजूद थे लेकिन इन्हें सुनने वाला कोई नहीं था। भाजपा नेताओं के पूरा जोर लगाने के बाद भी भीड़ नहीं जुट पाई। जनता का परिवर्तन यात्रा की सभा से किनारा करना इस बात का प्रमाण है कि उन्हें भाजपा के किसी भी तरह के हथकंडे में कोई दिलचस्पी नहीं है। फिर चाहे वह किसी भी बड़े नेता को यहां ले आएं।

### प्रेस वार्ता में कहा जनता का मिल रह समर्थन और सभा से लोग नदारद

परिवर्तन यात्रा की सभा के पहले भाजपाइयों ने होटल महाराजा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। यहां यूपी के डिप्टी सीएम पाठक ने पर्चा देखकर पढ़ दिया कि छत्तीसगढ़ में लोग परिवर्तन यात्रा से जुड़ रहे हैं।

इस समय भाजपा के जिले के तमाम नेता मौजूद थे। भाजपाइयों ने प्रेस वार्ता में बड़ी.बड़ी बातें कहीं। परिवर्तन यात्रा से जनता के जोड़ने की बात का ढिंढोरा पीट दिया। लेकिन इसके ठीक आधे घंटे बाद जब घंटाघर में सभा का आयोजन हुआ। तो ज्यादातर कुर्सियां खाली रह गई। गिनती के लोग ही सभा स्थल पर पहुंचे थे। भाजपा नेताओं के सामने खाली कुर्सियों को भाषण देने के अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं रह गया था। इससे भाजपा संगठन की चिंता बढ़ गई है।

### भाजपा में गुटबाजी हावी

भाजपा में गुटबाजी इस प्रकार हावी है कि कोरबा घंटाघर में आयोजित परिवर्तन यात्रा की आम सभा में भाजपाई भीड़ नहीं जुटा पाए, जबकि कोरबा जिले में कई ऐसे धनाट्य भाजपा पार्टी मे पदाधिकारी नेता हैं वह चाहते तो गांव गांव से कार्यकर्ता और समर्थकों को ला ला कर भीड़ इकट्ठा कर सकते थे लेकिन इनके द्वारा लापरवाही बरती गई हालांकि खराब मौसम और बरसात होने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य अतिथि किसी कारण से सभा को संबोधित करने के बाद निकल गए लेकिन इस प्रकार असफ ल हुए आयोजन से प्रत्याशी के वोटों पर असर पड़ सकता है।

### जिस पार्टी के नाम के सहारे पदों में रहकर शोहरत हासिल की आज उसी पार्टी के आयोजन में सक्षम नेताओं की लापरवाही से आयोजन फ्लॉप

कोरबा जिले में कई ऐसे भाजपा के पदाधिकारी नेता कार्यकर्ता हैं जो पार्टी के आड़ में पद के प्रभाव में स्वयं का व्यवसाय कर रहे हैं और लाखों कमा रहे हैं लेकिन पार्टी के कार्य में खर्च करने उनके जेब से पैसे नहीं निकल रहे, लेकिन पार्टी के नाम का उपयोग कर शोहरत की बुलंदियों में जरूर चढ़ रहे हैं, अगर यही दिग्गज लोग चुनाव तक गिले शिकवे भूल कर प्रत्याशी को जिताने में मदद करें और केवल पार्टी और कमल छाप निशान को याद करते हुए अपने समर्थकों के साथ थोड़ा सा सहयोग करें तो ऐसे तमाम तरह के आयोजन आसानी से सफल हो सकते हैं, और पार्टी का प्रत्याशी आसानी से चुनाव में जीत का परचम लहरा सकता है।

**कोरबा विधानसभा जीतना है तो केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप की जरूरत, क्योंकि विपक्ष में सभी तरह से संपन्न और ताकतवर प्रत्याशी से मुकाबला, जिसका 15 साल से सीट पर कब्जा**

कोरबा विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी का लगातार 15 वर्षों से कब्जा रहा है इस सीट पर लगातार कांग्रेस के जय सिंह अग्रवाल विजई होते आए हैं कोरबा विधानसभा बनने के बाद आज तक भाजपा का प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर पाया है। अगर कांग्रेस पुनः जय सिंह को कांग्रेस से प्रत्याशी बनती है तो भाजपा में जिस प्रकार की गुटबाजी चल रही है उससे पार्टी को नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि कांग्रेस के कोरबा विधायक जय सिंह अग्रवाल राज्य शासन में राजस्व मंत्री होने के साथ-साथ एक प्रभावी चेहरा और चुनावी समीकरण बनाने के एक मंझे हुए खिलाड़ी हैं जो भाजपा में गुट बाजी के चलते वोटों का समीकरण बिगाड़ सकतें हैं, लेकिन निजी स्वार्थ बस बीजेपी पार्टी के सक्षम पदाधिकारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है, जिससे पार्टी को तो नुकसान होता ही है साथ ही गुटबाजी के चलते प्रत्याशी के हारने से प्रदेश में सरकार नहीं बन पाती है, और 5 साल विपक्ष में रहकर केवल हल्ला करते हुए समय व्यतीत होता हैए पार्टी को अगर कोरबा विधानसभा सीट से जीत हासिल करना है तो जरूरत है केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप की और पार्टी में चल रही आपसी अंतर्कलह को मिटाने की और ऐसे लोगों को ढूंढने की जो पार्टी के आड़ में केवल अपना कार्य सिद्ध करते हैं और पार्टी के प्रति औपचारिकता निभाते हुए निष्क्रिय बने हुए हैंए और गुटबाजी व भीतरघात कर रहे हैं।

### परिवर्तन यात्रा किसी प्रत्याशी की नहीं पार्टी की सोच और प्रत्याशी को जिताने व प्रदेश में सरकार बनाने का आयोजन

परिवर्तन यात्रा किसी प्रत्याशी की नहीं पार्टी की सोच और प्रत्याशी को जिताने का आयोजन है जिससे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई जा सके, जरूरत है पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जो जिस प्रकार से सक्षम है उन्हे पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए प्रत्याशी को जिताने में मदद करने की जिससे पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके, और पार्टी की सोच के अनुसार प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनाई जा सके,

### गुटबाजी के कई कारण

लेकिन ऐसा लगता है कोरबा जिले में पार्टी में कई ऐसे दावेदार हैं जो या तो उन्हें टिकट नहीं मिलने के कारण या फि र उनके अपने को टिकट नहीं दिया गया इससे वह दुखी हैं। और अपने समर्थकों के माध्यम से गुटबाजी और भीतर घात करते हैं, और भी कारण हो सकते हैं, लेकिन ऐसी गुटबाजी से प्रत्याशी के वोटों में सीधा असर पड़ता है और पार्टी को नुकसान पहुंचता है, जरूरत है गुटबाजी छोड़ एक मत बनाकर पार्टी के दिशा निर्देशों पर चलकर प्रत्याशी को जिताकर प्रदेश में सत्ता हासिल करने की ।

### तालमेल बैठाने में असक्षम जिला अध्यक्ष, मुख्य अतिथि का विज्ञापन से चेहरा गायब

कोरबा भाजपा जिला अध्यक्ष कहीं ना कहीं आपसी तालमेल बिठाने में असक्षम साबित हो रहे बुधवार को परिवर्तन यात्रा में आए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक जो घंटाघर में आयोजित आमसभा में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता रहे और प्रदेश के वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक सहित तमाम नेता मौजूद रहे लेकिन भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा अखबारों में छपवा, विज्ञापनों में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम का चेहरा गायब रहा वही कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन का फोटो पासपोर्ट साइज का छोटा सा लगाया गया था लेकिन कोरबा जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह का फोटो ऐसे लगाया गया था जैसे यही चुनाव लड़ रहे हो जिला संगठन की इस प्रकार की होशियारी कहीं प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाते हुए पार्टी की प्रदेश में सत्ता हासिल करने के सपने पर पानी न फेर दे।

## एक नजर

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र होगा मजबूत-सरिता जायसवाल

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।



लोकसभा में केंद्र सरकार के द्वारा नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण अधिनियम का सरिता जायसवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा ने स्वागत किया है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन बिल पेश होने पर सभी बहनों को बधाई दिया है। सरिता जायसवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए महिला आरक्षण आवश्यक है। इस आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को फैसला लेने प्रक्रिया एवं देश के विकास में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र मजबूत होगा। इस बिल के पास हो जाने पर संसद और विधानसभाओ में महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ेगी। साल 1996 में यह बिल पहली बार पेश हुआ था उसे समय कई बार पेश हुआ लेकिन पास नहीं हो पाया था ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बिल पास हुआ है इस बिल से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में से एक तिहाई एससी एसटी समुदाय से आने वाले महिलाओं के लिए आरक्षित रखी जाएगी वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटों में से 82 सीटों पर महिलाएं हैं इस कानून के पास हो जाने के बाद 181 महिलाओं की संख्या हो जाएगी।

### कुनकुरी विधानसभा सीट पर जीत हासिल करना है तो भारतीय जनता पार्टी को करनैल सिंह के चेहरे पर मोहर लगाना चाहिए- शिव प्रकाश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कुनकुरी विधानसभा जो की बहुत महत्वपूर्ण विधानसभा सीट है इस सीट से भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल करना है तो निश्चित रूप से हिंदुत्व चेहरा को टिकट देना होगा ताकि यह विधानसभा सीट जीत सकें और ऐसे हिंदुत्व के माहिर खिलाड़ी और परिपक्वता रखने वाले एकमात्र चेहरा यदि निखर कर सामने आता है तो निश्चित रूप से उसे नाम को लेना स्वाभाविक है और वह नाम है करनैल सिंह का जिनके एक हुंकार पर बीस से तीस हजार हिंदुत्व सैनिक कुनकुरी विधानसभा सीट से हिंदुत्वको बचाने के लिए बाहर आ जाते हैं ऐसे व्यक्तित्व को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा कर पार्टी को जीत दिलाना एक सुनहरा अवसर प्रतीत होता है यह बातें भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिव प्रकाश तिवारी ने कही है आगे उन्होंने कहा की करनैल सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कर्मठ स्वयं सेवक हैं और साथ ही वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पद का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं प्रदेश संगठन एवं केंद्रीय समिति को उनके नाम पर विचार करते हुए कुनकुरी विधानसभा सीट से जीत का पक्का इरादा सामने लेकर आना चाहिए और निश्चित रूप से यदि कुनकुरी विधानसभा सीट को जितना है तो करनैल सिंह को एक हिंदुत्व चेहरा के रूप में सामने लाना होगा जिनका जीवन हिंदुत्व के लिए समर्पित रहा है।

### रायपुर में 45वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के नवजीवन सोसायटी पचपेड़ी नाका रायपुर में बुधवार को 45 वां निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

विकास उपाध्याय ने योग आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में निःशुल्क योगाभ्यास केंद्र शुरू हो चुके हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है। सेतुबंध आसन के सामूहिक योगाभ्यास के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किये जाने पर भी उन्होंने छत्तीसगढ़ योग आयोग को बधाई दी। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जन-जन को स्वस्थ एवं निरोगी रखने के उद्देश्य से योग आयोग द्वारा नगर निगम अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख सार्वजनिक उद्यानो में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र प्रारंभ किया जा चुका है। यहां आम नागरिक योग के माध्यम से स्वास्थ लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर योग आयोग के अधिकारी, योग प्रशिक्षक सहित बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित थे।

# दिवंगत प्रधानपाठक के परिवार को दिया गया 151000 की संयुक्त संवेदना राशि

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदा बाजार।



आप सभी को विदित हो की जब से कसडोल ब्लॉक में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ कसडोल का गठन हुआ है एतब से इस संगठन का एक बहुत ही मानवता भरी योजना संचालित है जिसे संयुक्त संवेदना के नाम से जाना जाता है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई कसडोल के कोई भी सदस्य शिक्षक या शिक्षिका का आकस्मिक स्वर्गवास हो जाता है तो उसके दु:खी परिवार को 151000 रुपए की सहयोग राशि दी जाती है। इसी कड़ी में हमारे प्रधानपाठक साथी स्वर्गीय दिलीप कुमार पटेल जो प्राथमिक शाला ढेबी में पदस्थ थे। जिनकी आकस्मिक मृत्यु विगत दिनों हो गई थी। उनकी धर्मपत्नी ललिता पटेल को 20 सितम्बर 2023 को छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संगठन ब्लॉक इकाई कसडोल की तरफ से संयुक्त संवेदना राशि 151000 देकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस संयुक्त संवेदना श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नंद लाल देवांगन एवं ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद चौहान ब्लाक उपाध्यक्ष राजेंद्र पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष ललित साहू, ब्लॉक सचिव अश्विनी डडसेना, ब्लॉक कोषाध्यक्ष राजेश देवांगन, ब्लॉक सचिव परसराम साहू,ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष, रमेश कुमार नंद, महिला प्रकोष्ठ से ब्लॉक अध्यक्ष सुश्री रामेश्वरी साहू,ब्लॉक उपाध्यक्ष मोती साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष रोहिणी देवांगन, ब्लॉक सचिव, शीला बघेल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष,कमली ठाकुर, ब्लॉक सचिव,उर्मिला सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों द्वारा दिए गए दायित्व को निभाते हुए, 20 सितंबर 2023 को संयुक्त शिक्षक संघ की ओर से स्व. दिलीप कुमार पटेल प्रधानपाठक शा प्रा.शा. ढेबी संके मुरूमडीह के धर्मपत्नि ललिता पटेल को उनके गृह ग्राम अमलीडीह जिला महासमुन्द में 151000 नंदलाल देवांगन अजय वर्मा,जिला सचिव, ईश्वरी चौहान,ब्लाक अध्यक्ष,राजेन्द्र पटेल,ब्लाक उपाध्यक्ष,अश्वनी डड़सेना ब्लाक सचिव,राजेश देवांगन,ब्लाक कोषाध्यक्ष,शीला बघेल,ललित निर्मलकर संयोजक बड़गांव,

डीपी साहू,संयोजक बया, राजकुमार बरिहा संकुल संयोजक ढेबीखार, दिनेश श्रीवास,अकबर खान रामनाथ साहू आदि शिक्षक के हाथों से संवेदना राशि प्रदान किया गया। साथ ही स्वर्गीय साथी दिलीप कुमार पटेल की आत्मा की शांति हेतु समस्त साथियों द्वारा प्रार्थना की गई एवं उनकी धर्मपत्नी को किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता होने पर पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिया है।

# 102, 108 कर्मचारी पूरे प्रदेश में रहेंगे हड़ताल पर जाने मामला

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



प्रदेश में जहां एक तरफचुनावी माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ पूरे प्रदेश में शासकीय और अन्य कर्मचारियों की हड़ताल भी लगातार जारी है। बीते दिनों संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एक बड़ा आंदोलन किया था। इस आंदोलन के चलते प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई थी। वहीं अब एक बार फिर से ऐसा ही कुछ होने वाला है। ऐसा इस लिए क्योंकि स्वास्थ विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जानी वाली संजीवनी 108/102 एक्सप्रेस के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर बड़ा प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, संजीवनी 108/102 कर्मचारी कल्याण संघ अपनी 5 सूत्रीय मांग को लेकर आज से अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। संजीवनी 108/102 कर्मचारी कल्याण संघ का ये प्रदर्शन नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर होगा। इस प्रदर्शन में ठेका निरस्त करना दो से तीन माह के कार्य का भुगतान जैसी प्रमुख मांग शामिल है। संजीवनी 108ध102 कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से कहा गया है किए अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वे सभी कल मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

# हाउस बिल्डिंग लोन क्लीयर कराने की कोशिश में ठगों के झांसे में फंस गया सेवानिवृत्त कर्मी, 10 लाख रुपए पार



**रायपुर।** हाउस बिल्डिंग लोन को क्लीयर कराने की कोशिश में गेवरा प्रोजेक्ट से सेवानिवृत्त कोलकर्मी ठगों के सांझे में फंस गया. योनो एसबीआई एप और एनी डेस्ट एप को मोबाइल में इंस्टॉल कराकर ठगों ने सेवा निवृतकर्मी को हैक कर लिया.

ठगी का पता चलने पर दीपका थाना में केस दर्ज कराया है. पुलिस ने बताया कि एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने के बाद कृपाराम चौधरी कोतरा रोड रायगढ़ में परिवार के साथ रहते हैं. उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गेवरा शाखा से घर बनाने के लिए कर्ज लिया हुआ है. लोन को क्लीयर कराने के लिए चौधरी ने गेवरा शाखा का नंबर गुगल पर सर्च कर प्राप्त किया. इसपर सम्पर्क किया. कॉलर ने खुद को गेवरा प्रोजेक्ट का कर्मचारी बताया. चौधरी को बताया कि लोन को क्लीयर कराने के लिए उन्हें एसबीआई का योनो एप इंस्टॉल करना होगा. चौधरी ने एप इंस्टॉल किया. इस बीच कॉलर का दोबारा कॉल आया. उसने एनी डेस्क एप को भी इंस्टॉल करने के लिए कहा. चौधरी ने इसे भी इस्टॉल कर लिया. उसके बाद कॉलर ने चौधरी के मोबाइल फोन को एनी डेस्क के जरिए हैक कर लिया. मोबाइल फोन पर दो बार ओटीपी जनरेट किया. पांच- पांच लाख रुपए दो किस्तों में पार कर दिया. मोबाइल पर मैसेज देखकर कृपाराम को पता चला. वे गेवरा शाखा पहुंचे. उन्होंने ठगों पर दीपका थाना में 420 का केस दर्ज कराया है. पुलिस इसकी जांच कर रही है. ठगों की पहचान नहीं हो पाई है.

# अवैध मादक पदार्थ गांजा दो किलो के साथ एक युवक गिरफ्तार

## माईनर एक्ट के तहत 13 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत 21 सितंबर 2023 को थाना साजा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि एक व्यक्ति बिना नंबर पुरानी मोटर सायकल से बरगडा सं कच्चा रास्ता होते ग्राम धौराभाट के पास में अवैध रूप से गांजा जैसे पदार्थ रखकर खडे है कि सूचना पर थाना साजा स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 02 किलो ग्राम कीमती करीबन 20,000, रूपये एवं मोटर सायकल कीमती करीबन 20,000 रूपये, कुल जुमला 40,000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी देवेन्द्र साहू पिता बेदुराम साहू उम्र 24 साल साकिन बरगडा थाना साजा के विरूद्ध 20,ख, नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। उक्त कार्यवाही थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सउनि तुलाराम देशमुख एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। इसी क्रम में 21 सितंबर 2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना परपोडी 06 चालान में 06 व्यक्ति, थाना साजा 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी देवकर 03 चालान में 03 व्यक्ति, थाना कंडरका 02 चालान में 02 व्यक्ति, कुल 16 चालान में 16 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 16 प्रकरण में कुल 4,800 रूपये समन शुल्क लिया गया। जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना साजा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना दाढी 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना बेरला 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी देवकर 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी कंडरका 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 107,116 3 जाफौ के तहत कुल 12 प्रकरण में 13 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# तीन दिवसीय चक्रधर समारोह में रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

## स्थानीय प्रतिभाओं, युवा एवं लोक कलाकारों के प्रदर्शन से महका चक्रधर समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







### तीन दिवसीय चक्रधर समारोह का हुआ समापन

चक्रधर समारोह के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ सहित शहर के स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस बार का चक्रधर समारोह खास रहा। तीन दिन के आयोजन में रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों की प्रस्तुति दी। स्थानीय प्रतिभाओं, बाल कलाकारों के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बटोर चुके कला दिग्गजों ने समारोह में शिरकत की। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 60 कलाकारों के दल के अलग-अलग विधाओं में प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें वादन, छत्तीसगढ़ के राज्य गीत अरपा पैरी के धार पर छात्र-छात्राओं ने खूबसूरत नृत्य के माध्यम से दर्शकों को सराबोर कर दी। नृत्य में संपूर्ण छत्तीसगढ़ की झलक दर्शकों को देखने की मिली।

इसी प्रकार कार्यक्रम का विशेष केंद्र रहा 'लोक में राम' जिसमें छत्तीसगढ़ के लोक गीतों एवं नृत्यों में श्रीराम को किन-किन रूपों में पूजे जाते है, उसे लोक संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने लोक में राम की राम के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया। कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय पद्मश्री ममता चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिसमें मोनिका साहू, भारती जंघेल, कविता कुंभकार, झरना देवहारी, निशा ठाकुर, लक्ष्मी सिन्हा, प्रमोद साहू, राजू यादव, चंद्र प्रकाश साहू, तारन निषाद, रिंकू वर्मा, जीनू राम वर्मा, इसी प्रकार संगत का आदमी में डॉ.बिहारी ताराम ने बांसुरी में, हारमोनियम में डॉ.नत्थू तोड़े, तबला में जानेश्वर टांडिया, ढोलक में आशीष कुमार यादव, आर्गन में लक्ष्मीकांत साहू, मांदर में वेद प्रकाश रावते तथा बैंजो में नोहर साहू रहे। संयोजन एवं निर्देशन डॉ.योगेंद्र चौबे ने किया था।

रायगढ़ घराना की सुश्री तब्बू परबीन की ग्रुप ने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसमें नन्ही बच्चियों नृत्य में दर्शकों के बीच विशेष केंद्र में रही और दर्शकों को बांधे रखा। सुश्री आशना दिल्लीवार के कथक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों को ताली बजाने से अपने आप को रोक नहीं पाए। श्री इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ ने छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन से समारोह के मंच में झूमने को मजबूर कर दिया। सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य तो डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन से दर्शकों को बंधे रखा। युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा इप्टा नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। अन्विका विश्वकर्मा में शिवतांडव एवं कृष्ण लीला पर तबले थाप और संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। चक्रधर समारोह में श्री अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति ने मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ सरस्वती श्लोक, जति-स्वरम तथा देवी कीरतनम में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति दी। अनिल तांडी ने भरतनाट्यम की पारंपरिक शिक्षा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से ली है।

मनोज तिवारी ने जस जागरण लोक संस्कृति रायगढ़ ने श्री राम जी की सेना, राम जी की सेना चली..हर हर महादेव का जोश पूर्ण प्रस्तुति दी। सुश्री शार्वी सिंह परिहार द्वारा अपने मनमोहक कथक नृत्य से दर्शकों को बांधे रखा। 10 वर्ष की सुश्री पर्ल मोटवानी ने राग जैजैवंती में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल एवं तराना में जप रसना, हरि नाम सुमरले, अब लौ ना आए मोरे सांवरिया की शानदार शास्त्रीय गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी। तबला संगत में गुरु श्री उग्रसेन पटेल रहे। सुश्री धरित्री सिंह चौहान पुसौर ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही पंड़त पर गुरु प्रीति रुद्र वैष्णव, तबले में देवेश कंवर, हरमोनियम में लाला राम लूनिया रहे। शेखर गिरी एवं ग्रुप द्वारा पंथी नृत्य पर जोरदार प्रस्तुति दी। ग्रुप ने देश के विभिन्न राज्यों के मंच में प्रस्तुति दे चुके हैं। इसके साथ विभिन्न अवार्ड तथा पुरुस्कारों से सम्मानित हो चुके है। विवेकानंद पुरस्कार इंटरनेशनल करेजियस 2020 अवार्ड एवं अन्य की पुरस्कारों से सम्मानित है वाल्मीकि अवार्ड भारतीय दलित साहित्य अकादमी से पुरस्कृत ग्रुप ने तोरे भरोसा म नैय्या लग रेव बीच भंवर मा.. में शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। ललित यादव ने सुगम संगीत भजन की प्रस्तुति दी। उनके साथ गायक ललित यादव रायगढ़, कन्हैया पटेल, हारमोनियम में नारायण चंद्रा संगीत महाविद्यालय, आर्गन में रमेश साहू, वाईडींग में भुनेश्वर मराई रहे। डॉ.दीपिका सरकार एवं ग्रुप द्वारा भरत नाट्यम के माध्यम से अपनी घुंघरू की खनक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बिखेर चुकी है। उन्होंने गणेश वंदना से अपनी प्रस्तुति प्रारंभ की। हरे कृष्ण तिवारी सारंगढ़ ने अपने बांसुरी वादन से मंच को सुरुली स्वर से गुंजायमान किया। इनके साथ संगत तबला में अजीत हरिप्रिय, सारंगढ़ तबला विशारद, स्वर मंडल में ऋषि केश प्रधान रहे। सुश्री शार्वी केशरवानी ने गुरु तोषी गुप्ता के निर्देशन में राग हंसध्वनि तराना में कथक की प्रस्तुति दी।

### जसगान एवं लोक गायन से बही भक्ति धारा

विजय शर्मा ने जसगान एवं लोक गायन के साथ मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। चंद्रा सैनी मैया तोरे जस गाओ ओ..माता जस गीत, कोरी कोरी नारियल चढ़े, ओ दाई मोर लाली लाली चुनरी ओढ़े.. चैईत के महिना दाई आबे मंझनी, बोरे बासी संग म खवाहू तोला ओ पाताल चटनी...जैसे गीतों की झड़ी से दर्शक भक्ति भाव से विभोर हो गए। सुश्री गीतिका वैष्णव ने महिषासुर मर्दिनी पर ओज पूर्ण प्रस्तुति दी। गायन में गीतिका वैष्णव, संतोष शर्मा, शौर्य आचार्य तथा वादन में ओमप्रकाश महंत, बालमुकुंद वैष्णव, पैड में रामसागर साह रहे। सुश्री अनंता पाण्डेय ने जय देव जय देव गणपति.., नमो नमो नमास्तुते के गीत पर कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### छत्तीसगढ़ी लोकगीत में झूमे श्रोता, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा ऑडिटोरियम

***विजय सिंह ग्रुप के छत्तीसगढ़ी लोक गीत की प्रस्तुति से ऑडिटोरियम में बैठे श्रोतागण झूम उठे। उन्होंने आगे हरेली तिहार, करमा कुहकी गाबो मांदर के ताल मा.. गौरा-गौरी, गोहर गोहर, गौरा गौरी की प्रस्तुति दी। साथ ही उन्होंने दुर्गा जस गीत एवं होली के उत्सव पर गाये जाने वाले फाग गीत पर गायन एवं नृत्य से दर्शकों का मनोरंजन किया। उन्होंने राउत नाचा के माध्यम से डेंगू से बचाव के लिए पुराने टायर में रुके पानी एवं अपने आसपास को क्षेत्र को साफ-सफाई रखने हेतु अपील की।***

## एक नजर

### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत हुई जिला स्तर क्विज प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।






सरगुजा जिला के सभी ब्लॉकों में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत सीतापुर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में 20 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय व 21 सितंबर को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हिस्सा लिए, वही सीतापुर के जीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल के 5 वीं कक्षा के छात्र ओम कश्यप, पिता संजय कश्यप ने सीतापुर ब्लाक में प्रथम स्थान व जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम को रोशन किया है।

### चक्रधर समारोह में 10 वर्षीय पर्ल मोटवानी के शास्त्रीय गायन ने बांधा समां

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ऐतिहासिक चक्रधर समारोह 2023 में तीसरे दिन रायगढ़ की होनहार संगीत साधिका 10 वर्षीय पर्ल मोटवानी ने अपने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति में राग जैजैवंती में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल एएवं तराना में जप रसना, हरि नाम सुमिर लेएअब लौ ना आए मोरे सांवरिया एकी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां और आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके संगीत गुरु उग्रसेन पटेल ने मंच पर तबले पर संगत की। समारोह के मंच पर उप जिलाधीश रेखा चन्द्रा एवं निगम पार्षद संजय देवांगन ने पर्ल को शॉल श्रीफल और मोमेंटो से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि पर्ल मोटवानी रायगढ़ के बीमा व्यवसाय में ख्यात मोटवानी परिवार की सबसे नन्हीं सदस्य है। उसका लगाव शुरू से ही संगीत में ही रहा है। वह हारमोनियमए तबला, शास्त्रीय गायन, कत्थक नृत्य में पारंगत है। बीमा अभिकर्ता मानिक मोटवानी एवं रिंकू मोटवानी की पुत्री पर्ल बहुमुखी प्रतिभा की धनी है यही नहीं वह पढ़ाई में भी अव्वल रहती है। पर्ल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा सातवीं की छात्रा है जहां वह हर सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेती है। और इस नन्हीं सी उम्र में उसने दर्जनों प्रमाण पत्र और ट्राफियां हासिल कर ली है। कई मंचों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उसने ऐतिहासिक चक्रधर समारोह में भी अपनी हिस्सेदारी निभाई है। पर्ल के पिता मानिक मोटवानी स्वयं एक मजे हुए गायक है। उनका कहना है कि पर्ल में यह खूबी जन्म से ही दिखनी शुरू हो गई थी। हमारा पूरा परिवार उसे उत्साहित करता है ताकि वह अपनी संगीत साधना को आगे बढ़ाये और एक बड़े मुकाम तक पंहुचे। इस बार चक्रधर समारोह में स्थानीय कलाकारों को स्थान दिया गया उसके लिये उन्होंने रायगढ़ जिलाध्यक्ष तारन प्रकाश सिन्हा, जिला प्रशासन और कलाकार चयन समिति के प्रति तहेदिल अपना आभार प्रकट किया है।



## कलेक्टर ने आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सुव्यवस्थित धान खरीदी की तैयारी के लिए ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त समिति प्रबन्धक, डाटा एंट्री ऑपरेटर का संबंधित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी, ऑनलाइन मॉड्यूल, बायोमेट्रिक,किसान पंजीयन, पीडीएस बारदाना एकत्रीकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया एवं प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी, उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी सहित जिले के समस्त समिति प्रबन्धक और डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।




## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने आगामी धान खरीदी हेतु प्रशिक्षण बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में आगामी धान खरीदी के लिए कृषि सहकारिता और खाद्य विभाग की संयुक्त प्रशिक्षण बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ की जाएं। किसी भी प्रकार का गिरदावरी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। नमी वाले धान की पहचान की जाए। बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले के समस्त धान खरीदी केन्द्रों के प्रभारीए कम्प्यूटर ऑपरेटर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समस्त नायब तहसीलदार, खाद्य एवं सहकारिता निरीक्षक, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक और सहकारी संस्थाएं के अधिकारी को प्रशिक्षित किया गया। बैठक की शुरूआत में विगत वर्ष में गई धान खरीदी और कृषक पंजीयन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिले के विगत वर्ष से धान खरीदी का तुलनात्मक अध्ययन, टोकन जारी करने की व्यवस्था, धान आवक का टोकन नंबर जारी करने के नियम, धान प्राप्ति की प्रविष्टि हेतु नियम, वर्तमान खरीफ वर्ष 2023-24 में बायोमेट्रिक प्रणाली के नियमानुसार धान खरीदी की व्यवस्था, धान खरीदी केन्द्रों में ऑपरेटिंग सिस्टम प्रणाली, ऑनलाइन सोसायटी, खाद्य कन्ट्रोल, तहसील और ऑफ्लाइन तहसील आदि मॉडयूलों की चर्चा और जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, प्रभारी कृषि अधिकारी हरीश राठौर, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं व्यास नारायण साहू, जिला विपणन अधिकारी, मार्कफेड ;डीएमओ, हेमप्रभा पटेल सभी तहसीलदार सहित धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।




## कांग्रेस मंत्री विधायक महापौर चुनने की कीमत जनता जान दे कर चुका रही-गोमती साय

### गोमती का आरोप नपुंसक नेतृत्व डेंगू से लड़ने में अक्षम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



### सांसद की दहाड़ स्थिति नही संभल रही तो इस्तीफा सौपे महापौर

डेंगू की वजह से दीपक डनसेना रामकुमार पटेल सूरज बेरीवाल का जीवन कांग्रेस सरकार की अकर्मण्यता लापरवाही की वजह से भेंट चढ़ गया। शहर के यूवाओ की मृत्यु पर श्रद्धांजलि दे शोक व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय सांसद गोमती साय ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव जीतने वाली शहर सरकार जनता का विश्वास जीतने में असफल रही है। अविश्वास प्रस्ताव की जीत से मदस्मत महापौर कोई जीता कोई हारा की धुन पर नाच रही थी। मृतकों के परिवार जनों करुण क्रुंदन अहंकारी शहर सरकार को सुनाई नहीं पड़ रहा। महापौर जनता के प्रति अपने अहम दायित्वों को भूल गई। पूरा शहर डेंगू महामारी की चपेट में है। कांग्रेस पार्षद विधायक मंत्री महापौर सभापति चुनने की कीमत जनता जान दे कर चुका रही। भाजपा सांसद ने इसे बड़ी विडंबना बताया। एक और आम जनता डेंगू से लड़ते हुए जिंदगी की जंग हार रही है। दूसरी ओर महापौर स्थानीय विधायक एवं पार्षदों के साथ निगम में पेश अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने की बजाय राजधानी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ फोटो खिंचवाने में व्यस्त रही। धन बल एवम सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस ने जितना ध्यान भाजपा के पार्षद को तोड़ने में लगाया यदि उतना ध्यान शहर की साफ सफाई में लगाया गया होता तो तीन तीन होनहार यूवाओं को असमय जीवन से हाथ नहीं धोना पड़ता। सर्व समाज की आड़ में भाजपा को कोसकर डेंगू के खिलाफ जंग नहीं जीती जा सकती। गोमती साय ने आरोप लगाते हुए कहा कि सर्व समाज की आड़ में कांग्रेस नेता अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे है। कांग्रेस सर्व समाज को अपनी बपौती समझने की भूल न करें। भाजपा के आक्रोश की वजह से सर्व समाज की आड़ लेने वाली कांग्रेस को जनता उनके गुनाहों के लिए माफ नहीं करेगी। गोमती साय ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा वे डेंगू के खिलाफ कांग्रेस के दबाव से मुक्त कर कार्य करे अन्यथा भाजपा इस मुद्दे को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा सफाई का ठेका कांग्रेस से जुड़े पार्षदों के पास हैं। चारों ओर पसरी गंदगी देख कर यह अंदाज लगाया जा सकता है कि सफाई का काम केवल कागजों में चल रहा। भजापा यह मांग करती है कि सफाई के तमाम ठेके निरस्त किए जाए एवं निगम प्रशासन सफाई की कमान अपने हाथों में ले। डेंगू के जोन चिन्हित किए जाए वहां दवा का छिड़काव नियमित किया जाए साथ ही डेंगू से पीड़ित मरीजों के लिए समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। स्वर्गीय पूर्व विधायक रोशन लाल के कार्यकाल का स्मरण कराते हुए गोमती साय ने कहा किन्नर महापौर की मौजुदगी में डेंगू की भनक पाते ही उन्होंने सड़क में उतरकर स्वय सफाई की कमान संभाली थी उस समय कांग्रेस ने भाजपा की हंसी उड़ाते हुए आरोप लगाया था कि विधायक को साफ सफाई के लिए नही चुना गया। डेंगू से भयभीत महापौर विधायक मंत्री कहां मुंह छिपाए बैठे है। एक मच्छर के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस नेतृत्व नपुंसक साबित हुआ है।

## आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का आई सेक्ट कंप्यूटर सेंटर सक्ती के संचालक राम नरेश यादव की उपस्थिति हुआ भव्य स्वागत

### आईसेक्ट का छात्रों के लिए वृहद काउंसलिंग अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





*** नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग**

*** 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यात्रा**

भोपाल कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा 22 सितंबर 2023 को सक्ती शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर आईसेक्ट कम्प्यूटर सेंटर नाका चौक सक्ती जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सक्ती तथा गुंजन स्कूल पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे टिकेश्वर गबेल जिला पंचायत सदस्य ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरुक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे। इस दौरान आईसेक्ट कम्प्यूटर सेंटर सक्ती आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे दूपीएमकेवीवाय, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ , डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइजइत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए विषय विषेषज्ञों ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधारए ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न,ऑन लाइन फ्री कोर्सस इन्श्यूरेंस, ऑन लाइन सेवाएं,रोजगार मंत्रा पोर्टल,इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया।

गौरतलब है कि 18 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट.एनएसडीसी पार्टनरशिप में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही आईसेक्ट के अंतर्गत फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्जित किया गया है। साथ ही इन यात्रा वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध है जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में वितरित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आईसेक्ट और भारत सरकार के उपक्रम एनएसडीसी के हाल ही में हुए समझौते के तहत विभिन्न कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों में प्रवेश भी प्रारंभ हो गए हैं। इसमें 250 से भी अधिक डिप्लोमा व सर्टीफिकेट पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। एनएसडीसी द्वारा आईसेक्ट का चयन नोडल संस्था के रूप में किया गया है। आईसेक्ट व एनएसडीसी द्वारा अर्द्धशहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कम्प्यूटर आईटी हार्डवेयर और नेटवर्किंग जैसे रोजगारोन्मुख विषयों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर, बैंकिंग, व फायनेंशियल सर्विसेज, टीचर प्रशिक्षण, टेक्सटाइल, एग्री स्किल्स तथा रिटेल आदि विषयों के पाठ्यक्रम आईसेक्ट द्वारा संचालित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में आईसेक्ट के संस्था प्रमुख अरुण कुमार साहू द्वारा कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी दी गई तथा आकाश राखोंड़े द्वारा नई शिक्षा निति से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई तथा इस कार्यक्रम में आईसेक्ट संचालक राम नरेश सिंह यादव, राजीव लोचन ठाकुर, स्टाफ संध्या सिदार,उमा पटेल, सीमा देबागन, ज्ञानेश्वर पटेल उपस्थित रहे।

## पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह संक्रांति पर रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार



अपनी सामूहिक एक्शन फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हरीश शंकर, पावर स्टार पवन कल्याण अभिनीत बहुप्रतीक्षित उस्ताद भगत सिंह का निर्देशन कर रहे हैं। 2012 में गब्बर सिंह की अपार सफलता के बाद, पवन और हरीश शंकर के पागल संयोजन ने प्रशंसकों और आम दर्शकों के बीच भारी उम्मीदें पैदा कर दी हैं।

श्रीलीला की मुख्य भूमिका और देवी श्री प्रसाद के संगीत के साथ, फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। टॉलीवुड इस खबर से भरा हुआ है कि यूनिट जल्द ही अगला शेड्यूल शुरू करने की योजना बना रही है, जिसका लक्ष्य संक्रांति 2024 में रिलीज करना है।



## चिरंजीवी की मेगा157 का हिस्सा बनीं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर को पिछली बार लस्ट स्टोरी 2 में देखा गया था, जो नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में मृणाल पूजा मेरी जान, आंख मिचौली और पिप्पा जैसी हिंदी फिल्मों में नजर आएंगी।इसके अलावा उनकी झोली में कई तेलुगु फिल्में भी हैं, जिसमें नानी की हाय नन्ना और वरुण तेज की मटका शामिल हैं।अब मृणाल के हाथ एक और बड़ी फिल्म लग गई है, जिसमें वह सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।

रिपोर्ट्स अनुसार, मृणाल सुपरस्टार चिरंजीवी की मेगा157 का हिस्सा बन गई हैं। निर्माताओं ने मृणाल से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।मेगा 157 यूवी क्रिएशन के बैनर तले और वी वामसी कृष्णा रेड्डी, प्रमोद उप्पलपति और विक्रम रेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी।मेगा157 के लिए मृणाल ने 4 करोड़ रुपये लिए हैं। हालांकि, खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

चिरंजीवी को आखिरी बार भोला शंकर में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।80 करोड़ रुपये की लागत में बनी भोला शंकर ने 42.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें चिरंजीवी के अलावा तमन्ना भाटिया, कीर्ति सुरेश और सुशांत भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।इसका निर्देशन मेहर रमेश ने किया था।

## गोरी मेम ने छोड़ा देसी अवतार, अब कैमरे के सामने लगाया सिजलिंग अदाओं का तड़का

**सौम्या टंडन पिछले कुछ समय से किसी शो का हिस्सा नहीं बनीं, लेकिन इसके बावजूद एक्ट्रेस लगातार लाइमलाइट में बनी हुई हैं. इसकी वजह है उनके सिजलिंग लुक्स. एक्ट्रेस अपने सोशल मीडिया पेज के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए लगभग हर दिन अपना नया अवतार शेयर कर देती हैं. अब फिर से उन्होंने ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए नया लुक शेयर किया है. इस बार एक्ट्रेस बेहद हॉट दिख रही हैं.**

भाभी जी घर पर हैं से घर-घर में मशहूर हुईं सौम्या के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं. अब फैंस एक्ट्रेस ने फिर फैंस के साथ अपना नया लुक शेयर कर दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट के लिए सौम्या ने ब्लू वन शोल्डर थाई हाई स्लिट सिल्क गाउन कैरी किया है. एक्ट्रेस इस लुक को इतने सिजलिंग अंदाज में कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया है कि हर किसी की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं.

सौम्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड रेड लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा है. एक्ट्रेस इस लुक में इतनी हॉट दिख रही हैं कि कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि एक्ट्रेस शादीशुदा ही नहीं, बल्कि एक बच्चे की मां भी हैं. आज भी सौम्या ने खुद को बहुत फिट रखा हुआ है.

दूसरी ओर सौम्या टंडन के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को पिछली बार भाभी जी घर पर हैं में ही देखा गया था. इसके बाद से ही एक्ट्रेस ने किसी प्रोजेक्ट के लिए साइन नहीं किया है. हालांकि, सौम्या के चाहने वाले उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बहुत बेताब हैं. फिलहाल एक्ट्रेस ने अपने अगले प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं किया है।



## फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन की बहन का किरदार निभाएंगी दीपिका पादुकोण




**मौ**जूदा वक्त में रोहित शेट्टी अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।सिंघम की 2 सफल किश्तों के बाद अब रोहित और अजय देवगन सिंघम अगेन की तैयारियों में जुट गए हैं।कुछ वक्त पहले अजय ने ऐलान किया था कि दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगी।ताजा जानकारी के मुताबिक, दीपिका सिंघम अगेन में अजय की बहन का किरदार निभाने वाली हैं।

एक सूत्र ने बताया, दीपिका पदुकोण, रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन के लिए बहुत उत्साहित हैं। वह इस यूनिवर्स की पहली महिला पुलिसकर्मी की भूमिका निभाएंगी और उन्होंने इस एक्शन से भरपूर फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी है।उन्होंने कहा, दीपिका का किरदार एक लेडी सिंघम की तर्ज पर है और वह अजय की बहन की भूमिका निभाएंगी।सिंघम अगेन की शूटिंग सितंबर में शुरू होगी और अगस्त 2024 में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, 22 जुलाई, 2011 को रिलीज हुई इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम ने बॉक्स ऑफिस पर 100.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।तीन साल बाद यानी 15 अगस्त, 2014 को फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त सिंघम रिटर्न्स ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर कुल 140.62 करोड़ रुपये कमाए थे।

## फिल्म यारियां 2 का नया गाना ऊंची ऊंची दीवारें जारी




**दि**व्या खोसला कुमार पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म यारियां 2 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी जैसे कलाकार भी हैं। अब निर्माताओं ने यारियां 2 का नया गाना ऊंची ऊंची दीवारें जारी कर दिया है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है। इस गाने के बोल मनन भारद्वाज ने लिखे हैं। इन्होंने ही ऊंची ऊंची दीवारें के लिए संगीत तैयार किया है। टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ऊंची ऊंची दीवारें गाना साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, वे अपनी प्रेम कहानी के साथ यहां हैं। क्या आप पहली नजर के प्यार के जादू का अनुभव करने के लिए तैयार हैं? अरिजीत सिंह की अतुलनीय आवाज में ऊंची ऊंची दीवारें जारी।यह फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।यारियां 2 2014 में आई फिल्म यारियां का सीक्वल है।

## घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ के पार पहुँची जवान, 600 करोड़ से आगे की उम्मीद




**शा**हरुख खान की फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखा रही है। फिल्म 7 सितंबर को रिलीज हुई थी और 13 दिन बाद भी इसका जलवा कायम है। 13वें दिन की बात करें तो जवान ने कुल 14 करोड़ का कलेक्शन किया है। भारत में ये फिल्म अब तक 507.88 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है। जो केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन की कुल कमाई से अधिक है। जिस गति से जवान कारोबार कर रही है उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यह हिन्दी सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म होगी जो बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ का कारोबार घरेलू स्तर पर करने में सफल होगी। इसका कारण यह है कि दर्शकों का रूझान अभी इसके प्रति बना हुआ है। साथ ही आने वाले सप्ताह में ऐसी कोई बड़ी फिल्म नहीं आ रही है जिसे देखने के लिए दर्शक उतावले हों। जवान की हालत यह है कि अभी इसके कम से कम 10 शो एक-एक मल्टीप्लेक्स में दिखाए जा रहे हैं। इन सभी शोज में दर्शकों की क्षमता बैठक क्षमता का 60 प्रतिशत से ज्यादा कवर कर रही है। 'जवान' 7 सितंबर को जन्माष्टमी के दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

पहले ही दिन फिल्म ने भारत में 75 करोड़ कमा लिए थे। इसके बाद पहले रविवार को फिल्म ने 80 करोड़ कमाये। जो इसका एक दिन का सबसे बड़ा कलेक्शन था। पहले हफ्ते में ही इसने 389 करोड़ रुपये कमाए और अब बॉक्स ऑफिस पर अपना दूसरा हफ्ता पूरा करने से पहले ही फिल्म 500 रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। शाहरुख खान की ये फिल्म साल 2023 की सबसे बड़ी हिट बनने के लिए तैयार है।

# खेल




एशियन गेम्स के 19वें सीजन की शुरुआत 23 सितंबर से हो रही है। चीन के हांगझोऊ शहर में 8 अक्टूबर तक गेम्स होंगे। क्वालिफिकेशन मैच 19 सितंबर से ही शुरू कर दिए गए। 23 सितंबर को ओपनिंग सेरेमनी के बाद 24 सितंबर से एशियाड का ऑफिशियल पहला दिन शुरू होगा। भारत 1951 में पहली बार हुए एशियाड से ही गेम्स का हिस्सा रहा है। तब नई दिल्ली ने ही मेजबानी की थी। इस बार भी भारत के 655 प्लेयर्स 40 स्पोर्ट्स में हिस्सा लेंगे। इस स्टोरी में हम एशियाड में भारत के अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालेंगे। जानेंगे कि देश को किन स्पोर्ट्स में सबसे ज्यादा मेडल मिले और किन प्लेयर्स ने देश को सबसे ज्यादा गोल्ड दिलाए हैं।

## एशियाड में इंडियन एथलीट्स के नाम 79 गोल्ड

देश ने कुल 672 मेडल जीते, कबड्डी में 100% सक्सेस सेट; पीटी उषा के नाम 4 गोल्ड

### भारत ने सभी 18 एशियाड में हिस्सा लिया

1951 में पहली बार नई दिल्ली में एशियन गेम्स का आयोजन हुआ। तब से हर 4 साल में गेम्स होते आ रहे हैं। आखिरी बार 2018 में इंडोनेशियन के जकार्ता ने मेजबानी की थी। इस बार गेम्स 2022 में होने वाले थे, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इन्हें एक साल पोस्टपोन कर इस साल आयोजित करवाया गया।

18 एशियाड में भारत ने कुल 672 मेडल जीते हैं। इनमें 155 गोल्ड, 201 सिल्वर और 316 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। ओवरऑल रैंक में भारत 5वें नंबर पर हैं। चीन (1473), जापान (1032), साउथ कोरिया (745) और ईरान (179) ने भारत से ज्यादा गोल्ड जीते हैं। इसीलिए उनकी रैंक भारत से ज्यादा है। कजाकिस्तान ने भारत के बराबर 155 गोल्ड जीते हैं, लेकिन उनके सिल्वर भारत से कम (158) है, इसीलिए उनकी रैंक छठी है।




### मेडल टैली में कभी टॉप नहीं कर सका भारत

अब तक हुए 18 एशियन गेम्स में भारत कभी भी मेडल टैली में टॉप पर नहीं रहा। 1951 में पहले ही एशियाड में देश 15 गोल्ड जीतकर दूसरे नंबर पर रहा था। इसके बाद भारत कभी टॉप-2 पोजिशन पर नहीं आ सका। लेकिन 17 में से 16 बार देश मेडल टैली के टॉप-10 में ही रहा। 1990 में देश ने एक ही गोल्ड जीता था, तब हम 11वें नंबर पर रहे थे।

2018 के पिछले एशियाड में भारत ने 70 मेडल जीते थे। इनमें 16 गोल्ड, 23 सिल्वर और 31 ब्रॉन्ज शामिल रहे। देश मेडल टैली में 8वें नंबर पर रहा, लेकिन इससे पहले भारत ने इतने ज्यादा मेडल कभी नहीं जीते थे।

वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

## बाबर आजम कप्तान, हसन अली को मौका, चोटिल नसीम शाह बाहर



वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पाकिस्तान का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को हैदराबाद के उप्पल मैदान पर नीदरलैंड से होगा। वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। यह है पाकिस्तान टीम- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल हक, अब्दुल्लाह शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, शाहीन शाह अफरीदी, हरिफ रऊफ मोहम्मद वसीम जूनियर, और हसन अली।

### नसीम शाह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। नसीम शाह को एशिया कप 2023 सुपर-4 में भारत के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान चोट लग गई थी। मैच में वो अपना ओवर भी पूरा नहीं कर सके थे, उन्होंने अपने कोटे के केवल 9.2 ओवर फेंके और बाद में बैटिंग के लिए भी नहीं आए।

## अंतिम पंघल ने दिलाया रेसलिंग का पहला ओलिंपिक कोटा

वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज भी जीता; स्वीडन की एमा जोना को हराया

**भारतीय पहलवान अंतिम पंघल ने भारत को ओलिंपिक-2024 के लिए रेसलिंग का पहला कोटा दिला दिया है। सर्बिया के बेलग्रेड में चल रही वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में उन्होंने ब्रॉन्ज भी जीत लिया।**



यह चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन का पहला मेडल भी है। अंतिम ने 53 किग्रा कैटेगरी के ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्वीडन की एमा जोना डेनिस को 16-6 के अंतर से हराया। इस कैटेगरी का फाइनल आज यानी शुक्रवार को खेला जाएगा।

अंतिम वही पहलवान हैं, जिन्हें नेशनल ट्रायल जीतने के बाद भी एशियन गेम्स के लिए स्टैंड बाय में रखा गया था और उनकी जगह विनेश फोगाट को बिना ट्रायल दिए ही एशियाड की टीम में चुन लिया गया था, हालांकि विनेश विदेश में ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गईं और टीम में अंतिम को मौका मिला। 19 साल की अंतिम पंघल ने अपने पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैम्पियन को हराया था। उन्होंने अमेरिका की डोमिनिक ओलिविया पैरिस को पहले मुकाबले में 3-2 के अंतर से हराकर अगले राउंड में एंट्री की थी।

दूसरे राउंड में अंतिम ने पोलैंड की रोकसाना मार्टा जसिना को टेक्निकल सुपिरियॉरिटी के आधार पर हराया था। वहीं क्वार्टरफाइनल में उन्होंने रूस की नैटली मलेशेवा को 9-6 के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### बेलारुस की खिलाड़ी से सेमीफाइनल हारीं

*अंतिम को सेमीफाइनल में बेलारुस की वेनेसा कालजिन्सकाया के खिलाफ 5-4 के अंतर से करीबी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अंतिम को ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज कर ओलिंपिक कोटा भी बुक किया।*

### एक नजर

## वर्ल्ड कप से पहले मोहम्मद हफीज का इस्तीफा

PCB की टेक्निकल कमेटी का पद छोड़ा; बोले- मैं पाकिस्तान क्रिकेट को शुभकामनाएं देता हूं



PCB की मीटिंग हुई थी जिसमें एशिया कप में टीम के परफॉर्मेंस पर चर्चा की गई थी। मीटिंग के बाद हफीज ने अपने ट्वीट में लिखा, मैंने पाकिस्तान की टेक्निकल कमेटी को छोड़ने का फैसला किया है। मैं एक ऑनररी मेंबर था। मैं यह मौका देने के लिए जाका अशरफ को धन्यवाद कहना चाहता हूं। जाका अशरफ और पाकिस्तान क्रिकेट को जब भी जरूरत होगी मैं उपलब्ध रहूंगा। मैं पाकिस्तान क्रिकेट को शुभकामनाएं देता हूं। पाकिस्तान जिंदाबाद।

### पाकिस्तान सुपर-4 राउंड में ही बाहर हो गया था

एशिया कप 2023 में पाकिस्तान सुपर-4 राउंड में ही बाहर हो गया था। इस मीटिंग में PCB अध्यक्ष जाका अशरफ के साथ इस पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम, उपकप्तान शादाब खान, पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक के अलावा मोहम्मद हफीज भी शामिल हुए थे। बता दें, वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान स्क्वॉड की घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

### साल 2021 में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से संन्यास लिए थे

हफीज ने पाकिस्तान के लिए 218 वनडे, 55 टेस्ट और 119 टी-20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने साल 2021 में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ हफीज ने वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद वो अगस्त 2003 में टेस्ट टीम का हिस्सा बने थे। वहीं, हफीज ने अपना पहला टी-20 मैच 2006 में खेला था। प्रोफेसर निकनेम से मशहूर हफीज ने पाकिस्तान के लिए वनडे में 11 शतकों की मदद से 6614 रन बनाए हैं। वहीं, उनके खाते में 139 विकेट भी हैं। 55 टेस्ट में 10 शतकों की मदद से इस खिलाड़ी ने 3652 रन बनाए हैं और 53 विकेट झटके हैं। 119 टी-20 मैचों में उन्होंने 2514 रन बनाए और 61 विकेट अपने नाम किए हैं।

## वर्ल्ड कप के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जर्सी लॉन्च की

### मैक्सवेल ने 1999 वर्ल्ड कप की जर्सी को बताया बेस्ट

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 5 अक्टूबर से भारत में शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए जर्सी लॉन्च कर दी है। जर्सी के किनारे पर फेमस डिजाइनर आंटी फियोना क्लार्क की डिजाइन की गई फर्स्ट नेशंस कलाकृति को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड कप में पीले रंग की ही जर्सी में ही नजर आएगी।




जर्सी में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप की जर्सी का वीडियो अपने सोशल एकाउंट पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में मैक्सवेल नई जर्सी में नजर आ रहे हैं। उन्होंने निजी तौर पर 1999 वर्ल्ड कप की जर्सी को बेस्ट बताया है।

# कुसमुंडा सड़क पर एक लेन खाली हो और आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो-कलेक्टर सौरभ कुमार

## कलेक्टर ने ट्रांसपोर्टरों, अधिकारियों की ली बैठक, आवागमन बेहतर करने दिए सख्त निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले की सड़कों पर आवागमन बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खदान क्षेत्र कुसमुंडा.कोरबा की सड़कों पर भारी वाहनों की लगने वाली जाम पर सख्त नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया कि मार्ग पर भारी वाहन तीन चार लाइन में खड़ी न हो। सड़क पर एक लेन अवश्य खाली रहे ताकि आमनागरिकों और स्कूली विद्यार्थियों को आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी न उठानी पड़े। कलेक्टर ने बैठक में ट्रांसपोर्टरों, परिवहन, पुलिस और एसईसीएल के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ आवागमन को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि ट्रांसपोर्टरों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित हो और अव्यवस्थित व बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित ट्रांसपोर्टरों, एसईसीएल, परिवहन, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने कुसमुंडा-कोरबा क्षेत्र की सड़कों में कोल परिवहन की सड़कों पर भारी वाहनों की चार लाइनें होने और आवागमन बाधित होने पर नाराजगी जताई।

उन्होंने इस सड़क पर निर्माणाधीन कार्यों को समय पर शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मार्ग पर निर्मित पुल से आवागमन, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों को जल्दी पूरा करने के निर्देश देते हुए एसडीएम को यह भी निर्देशित किया गया कि वे समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करें कि अनावश्यक और विलम्ब तक फाटक बंद न हो। कलेक्टर ने खदान के भीतर जाने में वाहनों के एंट्री में लगने वाले समय को लेकर भी निर्देशित किया कि एसईसीएल प्रबंधन आवागमन वाले सड़कों पर भारी वाहनों की कतार न लगे इसके लिए एंट्री वाले स्थानों में माइंस परिसर में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने सर्वमंगला मंदिर के पास आवागमन की सड़कों में लगाए गए खम्भों को हटाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने भारी वाहनों के पार्किंग के लिए खाली स्थानों पर जगह चिन्हित करने के निर्देश देते हुए ऐसे स्थानों को समतल करने कहा। कलेक्टर ने शहर के व्यस्तम क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध रूप से सड़क किनारे होने वाले पार्किंग पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन पीजी कॉलेज में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला में रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा में किया गया जिसमें जिला मुख्यालय में स्थित तीन महाविद्यालय पीण्जी कॉलेज बेमेतरा, समाधान महाविद्यालय तथा कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के विद्यार्थीयों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में कोबिया के ग्रामीणों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ ने भी रक्तदान कर इस जिला स्तरीय शिविर को सफ ल बनाया। तीनों महाविद्यालय से कुल 52 रक्तदाताओं से 18200 ग्राम रक्त का दान किया गया। ज्ञात हो कि 31 मई 2023 को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला स्तरीय बैठक में इस वर्ष प्रत्येक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन करने का प्रस्ताव लाया गया था जिस पर अमल करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष पीएस एल्मा कलेक्टर बेमेतरा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय आयोजन की शुरुआत पीजी कॉलेज से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एल टंडन,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पीपी चंद्रवंशी सिविल सर्जन डॉक्टर एस आर चुरेंद्र, महाविद्यालय नोडल एन आर निर्मल, रेडक्रॉस के संगठक उपेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे।

# जिले में लगातार भारी बारिश, सभी बांधों का बढ़ा जल स्तर, खुड़िया डैम लबालब

## मनियारी नदी के किनारे बसे लोगों पर मंडरा रहा खतरा

जोहार छत्तीसगढ़-मुंगेली।



जिले में लगातार भारी बारिश हो रही है। जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। बारिश के कारण इलाके के नदी नाले उफान पर हैं। जिले के सबसे बड़े डैम राजीव गांधी जलाशय खुड़िया बांध पूरी तरह से भरकर लबालब हो गया है। वेस्ट वेयर से 3 फीट पानी का बहाव भी शुरू हो गया है। डैम में 118 फीसदी जलभराव के बाद इसके वेस्ट वेयर से अतिरिक्त पानी का बहाव शुरू हो जाता है। डेम में 78 फीट पानी भरने की वजह से इसके वेस्ट वेयर से 3 फीट पानी का बहाव भी शुरू हो गया है। डैम के वेस्ट वेयर का पानी मनियारी नदी में बहाया जा रहा है। राजीव गांधी जलाशय भरने के कारण मनियारी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दो दिनों तक जिले में भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में आने वाले समय में बारिश का और भी असर देखने को मिल सकता है।

### छोटे बड़े सभी बांध लबालब

जल संसाधन विभाग के ईई आरके मिश्रा ने बताया कि जिले में हो रही भारी बारिश की वजह से जिले के सभी छोटे बड़े बांधों में जल स्तर बढ़ा है। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी जलाशय में 118 फीसदी जलभराव हुआ है। वहीं लोरमी इलाके में स्थित माइनर टैंक लोटन नाला जलाशय में 92:, बघर्रा जलाशय में 45:, गब्दा जलाशय में 75: कन्हैया नाला में 80: भारत सागर जलाशय में 101 फीसदी जल का भराव हो गया है। जंगल के ऊपरी हिस्से में हुई भारी बारिश का असर मैदानी इलाकों में साफनजर आ रहा है। अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में स्थित सिहावल सागर से निकलने वाली मनियारी नदी में जल का स्तर तेजी से बढ़ता चला जा रहा है। जिससे इसके किनारे बसे लोगों पर खतरा मंडराने लगा है।

# महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर प्रतियोगिता महाकुंभ का हुआ आगाज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



महाराज श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर आज श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में श्री अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिताओं का महाकुंभ का शुभारंभ किया गया। महाराज श्री अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिता का महाकुंभ का शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ हुआ इस अवसर पर अग्रवाल सभा व सभी सहयोगी सस्थाओं के द्वारा गुब्बारे छोडे गये। प्रतियोगिता में आज सर्व प्रथम प्रतियोगिता में सीनियर क्रिकेट का अयोजन किया गया जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें अग्रवाल सभा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल व श्री अग्रसेन गोशाला ने हिस्सा लिया देर रात्री तक मैच चलता रहा है इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने कहा कि आज से श्री अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिता का महाकुंभ का शुभारंभ किया जा रहा है जिसको मैं सभी को बंधाई देता हूं तथा जिसमें अग्रबन्धुओं से अपील कि 13 अक्टूबर तक चलने वाली सभी प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेवे अधिक से अधिक सुख्या में उपस्थित होकर प्रतियोगिताओं हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियाओं का उत्साह भी बढाये।

अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि 23 सितंबर 2023 को अग्रवाल नवयुवक मंच द्वारा बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में दोपहर 3 बजे से एवं अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दोपहर 3:30 बजे व रस्सी कूद प्रतियोगिता श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में शाम 4 बजे से आयोजित कि जानी है।




## एक नजर

### बीते दो दिनों से हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर सिन्हा ने सभी विभागों को रखा अलर्ट पर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के मद्देनजर बाढ़ की संभावना को देखते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बाढ़ आपदा बचाव एवं राहत प्रबंधन के लिए सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिन्हा ने निर्देशित किया है कि जिले में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें। आपदा राहत से जुड़े सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। जिससे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर सिन्हा ने सभी राजस्व अधिकारियों को डूबान क्षेत्रों की जलस्तर की निगरानी के साथ राजस्व अमला को फील्ड पर निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिला सेनानी को होम गार्ड तथा एसडीआरएफकी टीम को पूरे संसाधनों के साथ तैयार रहने के लिए निर्देशित किया है ताकि आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके।

#### सभी स्वास्थ्य केंद्रों को करें अलर्ट, मेडिकल टीम और दवाइयों का स्टॉक तैयार रखें

कलेक्टर सिन्हा ने बारिश के दौरान मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग को उल्टीए दस्त जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयों सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

#### बाढ़ राहत के लिए 24/7 कंट्रोल रूम स्थापित, 07762-223750 नंबर जारी

इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश पर जिले में बाढ़/अतिवृष्टि से किसी भी प्रकार की क्षति होने की सूचना एवं सहायता के लिये जिला कार्यालय रायगढ़ में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें दूरभाष नंबर 07762-223750 पर कॉल कर बाढ़ राहत के लिए संपर्क किया जा सकता है।

### जगह-जगह विराजे गणपति भक्ति का माहौल

जोहार छत्तीसगढ़-अंबिकापुर।

गणेश चतुर्थी को लेकर हर्राटिकरा पकरीपारा, सहित आसपास



के गांव में भक्ति भाव का माहौल निर्मित हो गया है। आकर्षक पंडालो में विराजे गणपति बप्पा की भक्तों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की जा रही है हर्राटिकरा पकरीपारा, की अलावा माझापारा, केशवपुर, व अन्य स्थान पर भक्तों द्वारा आकर्षक पंडालो में गणेश का प्रतिमाओं को स्थापित कर कर विधिवत पूजा अर्चना रहे हैं भक्तिभाव का माहौल निर्मित हो गया है सुबह शाम घड़ी पंडालो में लोगों की भीड़ उमड़ रही है ज्ञात होगा कि ग्राम पंचायत हर्राटिकरा के पकरीपारा में गणेश बिंदास सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष की इस वर्ष भी 8 फिट की गणेश की प्रतिमा को विराजमान कर कर की जा रही है आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति के सदस्य, प्रेम दास, दिलेश्वर पैंकरा राजपाल पैंकरा, संतोष दास, फूलसाय, समुद्र दास,समय दास, मनोज पैंकरा परमोहन, रोहित विपिन राहुल अमरेश सोनेलाल अमन सत्येंद्र सोनू दास विक्की दास कार्तिक संदीप व अन्य कार्यकर्ता संरक्षक राम अवतार पुशनाथ मदन पैंकरा सरपंच, नरेश पैंकरा,उप सरपंच, बृजलाल मानिकपुरी निर्मल वैष्णव ईश्वर पैंकरा खुलेश्वर।

### धरसींवा ब्लॉक में चलित पशु चिकित्सा इकाई से गायों का घर पर ही इलाज किया जा रहा है

**रायपुर** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संचालित गोठान विकास कार्यक्रम और गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद अब पशुधन के घर पहुंच इलाज की सुविधा के लिए 'मुख्यमंत्री गौवंश मोबाइल चिकित्सा योजना' के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

ग्रामीण अंचल के श्रमिक बस्तियों के लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर ही अब गांव-गांव में पशुधन के इलाज के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट की शुरुआत की गई है, जिसके जरिए पशुधन चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भधान की सुविधाएं मिलने लगी है।

राज्य में मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा यूनिट की शुरुआत 20 अगस्त को की गई।

# नेहरू युवा केन्द्र ने ग्राम सुकवास में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम किया गया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



लैलूंगा ब्लाक के नेहरू युवा केन्द्र के युवा स्वयंसेवक ने घर-घर जाकर लाई मिट्टी और भरा अमृत कलश आजादी के अमृतकाल में देश के अमर शहीदों को याद करने और उनके अमर बलिदान को अविस्मरणीय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर देशभर में जगह जगह अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें लैलूंगा विधानसभा के पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया के उपस्थिति एंव पारेश्वर प्रधान मंडल अध्यक्ष राजपुर भास्कर बेहरा, मंडल महामंत्री राजपुर बलि बीसी, कन्हैया मालाकर, अमर साय, सावंत चौहान, वर्षा यादव, दुजवन्ती नाग एवं ग्राम सुकवास के अन्य ग्रामीणजनों के उपस्थित में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में अमृत कलश यात्रा निकाली गई।लैलूंगा ब्लाक में अमृत कलश में घर-घर जाकर मुठ्ठी भर मिट्टी एकत्रित किया जा रहा है। इस अमृत कलश यात्रा की खास बात यह है कि गांव में इकट्ठा किए गए इस मिट्टी के कलश को भारत सरकार द्वारा शहीद स्मारक नई दिल्ली के बगल में बनाए जाने वाले अमृत वाटिका के निमार्ण में प्रयोग किया जाएगा, यानि देशभर से लाई गई मिट्टी से राष्ट्रीय अमृत वाटिका का निर्माण होगा।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केंद्र द्वारा भी यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रायगढ़ जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे के निर्देशन और लैलूंगा ब्लाक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रमेश चौहान एवं चंदन पटेल के मार्गदर्शन में लैलूंगा ब्लाक के हर एक ग्राम में जाकर अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में युवाओं द्वारा देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना जगाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे प्रेरित होकर गांव के लोगों ने भी अपने-अपने घरों से मुठ्ठी भर मिट्टी लेकर अमृत कलश में मिट्टी डाले इस यात्रा अपने-अपने घरों से मिट्टी दिया साथ ही राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक द्वारा निकाली गई इस अमृत कलश यात्रा की प्रशंसा भी की। इस अमृत कलश यात्रा में ग्राम सुकवास के ग्रामीणजन शामिल रहे।

# लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने की खुशी में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने लोगों में मिठाई बांटकर जाहिर की खुशी,जमकर हुई आतिशबाजी

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल पास होने की खुशी में पत्थलगांव भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने शहर के इंदिरा गांधी चौक में उपस्थित होकर लोगों में मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की वही जमकर नारे भी लगाए। विदित हो कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक पहल से देशभर में महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस कानून के पास होने से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा मंडल महामंत्री अंकित बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास हुआ है कई सालों के इंतजार के बाद इस बिल से महिलाओं को लाभ मिलेगा। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अग्रणीय रही है एवं महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा में मोदी सरकार ने जो यह कदम उठाया कबीले तारीफहै। इससे देशभर में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33: आरक्षण लागू कर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। जिससे आने वाले समय में देश के सर्वोच्चतम पदों में महिलाओं का बोलबाला रहेगा। वहीं महिला भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजू टोप्पो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो यह कदम उठाया है उससे महिला सशक्तिकरण अग्रसर होगी और हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। राजनीति में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। आज यह खुशी पत्थलगांव में नहीं पूरे देश भर में मनाई जा रही है। इस मौके पर सुनील गर्ग,भुवनेश्वरी बेहरा, बिस्सू शर्मा,सुरेश साहू,सुखमणि सिंह,हिमांशु शर्मा,उर्मिला पटेल,दीपिका अगरिया,अकलमति सिदार,रेवा धीवर,विमला वैष्णव,शोभा देशमुख,फूलबसिया महंत,शिला साहू समेत अन्य मौजूद रहे।



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 23 सितंबर 2023

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का घरघोड़ा में हुआ भव्य स्वागत

## आईसेक्ट का छात्रों के लिए वृहद काउंसलिंग अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यह यात्रा 22 सितंबर 2023 को घरघोड़ा शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया इस मौके पर ।पिमबज अंचल के एक मात्र मान्यता प्राप्त संस्थान एआईआईटी कॉलेज घरघोड़ा पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया। जिसमें यात्रा के साथ चल रहे विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे घरघोड़ा नगर के प्रतिष्ठित सेवानिवृत शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित परम आदरणीय सच्चिदानंद पटनायकने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है। और डेमोग्राफि क डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरूक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वह स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ-साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे

*** नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग**

*** 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यह कौशल विकास यात्रा**

पाएंगे। इस दौरान नगर घरघोड़ा से मान्यता प्राप्त संस्थान एआईआईटी कॉलेज घरघोड़ा पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट त्पेम इत्यादि की भी जानकारी प्रदान की गई। यात्रा के साथ आए आइसेक्ट क्षेत्रीय प्रबंधक सचिन जैन ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षों से आईसेक्ट द्वारा युवाओं में कौशल विकसित करने के महत्व को समझने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है। जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आइसेक्ट की नवीन गतिविधियों जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेंट, प्ले स्कूल, ई-सेक्टर लर्नर ऑनलाइन फ्री-कोर्सेज इंश्योरेंस ऑनलाइन सेवाएं रोजगार मंत्र पोर्टल छम्म्डध्छ चि इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया



गौरतलब है कि 18 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट एनएसडीसी के पार्टनरशिप में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रमों की भी जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है । साथ ही आइसेक्ट के अंतर्गत फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया हैए इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्जित किया गया है। साथ ही इन यात्रा वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध है जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में वितरित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आईसेक्ट और भारत सरकार के उपक्रम एनएसडीसी के हाल ही में हुए समझौते के तहत विभिन्न कंप्यूटर पाठ्यक्रमों में प्रवेश भी प्रारंभ हो गए हैं। इसमें 250 से अधिक डिप्लोमा व सर्टिफि केट प्रोग्राम को शामिल किया गया है। एनएसडीसी द्वारा। आईसेक्ट का चयन नोडल संस्था के रूप में किया गया है। आइसेक्ट और एनएसडीसी द्वारा अर्ध.शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कंप्यूटर, आईटी, हार्डवेयर और नेटवर्किंग जैसे क्षेत्रों में रोजगारोंन्मुखी विषयों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर, बैंकिंग व फाइनेंशियल सर्विसेज, टीचर्स ट्रेनिंग, टेक्सटाइल, एग्री स्किल्स तथा रिटेल आदि विषयों के पाठ्यक्रम आईसेक्ट द्वारा संचालित हो रहे हैं।

## एक नजर

### अपेक्स बैंक के कार्यालयीन भर्ती के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित अपेक्स बैंक, के सहायक प्रबंधक फील्ड ऑफिसर, कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग, कनिष्ठ प्रबंधक.2, कनिष्ठ प्रबंधक संवाद,ट्रेजरी विशेषज्ञ, मुख्य लेखपाल, उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक के पदों के लिए अंतिम तिथि 23 सितंबर 2023 तक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसका परीक्षा 15 अक्टूबर 2023 को निर्धारित किया गया है। फॉर्म का त्रुटि सुधार 24 से 26 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं।

### छग राज्य सहकारी अपेक्स बैंक के टेक्निकल पदों के लिए 14 अक्टूबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अपेक्स,बैंक एवं छह जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक अंतर्गत कनिष्ठ प्रबंधक.2 कन्सट्रक्शन/मेन्टेनेन्स, उप प्रबंधक उप यंत्री, कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग कृषि विशेषज्ञ, कनिष्ठ प्रबंधक.2 आईटी/प्रोग्रामर, कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग आईटी विशेषज्ञ, उप प्रबंधक ,प्रोग्रामर, एवं सहायक प्रबंधक सहायक प्रोग्रामर पद के लिए 20 सितंबर से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन फार्म शुरू हो चुका है, जिसका अंतिम तिथि शनिवार 14 अक्टूबर 2023 को है। परीक्षा की संभावित तारीख 29 अक्टूबर 2023 रविवार को है।

### हैंडपंप तकनीशियनों की भर्ती परीक्षा 24 सितंबर को होगा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई, विभाग का हैंडपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा रविवार 24 सितंबर 2023 को सुबह 10 बजे से 12.15 तक होगा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट से परीक्षार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### ईडीएम संविदा पद के लिए 26 सितंबर तक रजिस्टर्ड डाक से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष ई-गवर्नेंस समिति में रिक्त ई.जिला तकनीकी प्रबंधक,ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पद की संविदा भर्ती के लिए 26 सितंबर 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर, डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसायटी, सारंगढ़ पिन-496445 के पते पर केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके लिए योग्यता बीई/बीटेक इन्फ ार्मेशन टेक्नोलॉजी/कम्प्यूटर साइंस इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन/एमसीए/एमएससी इन्फ ार्मेशन टेक्नोलॉजी/कम्प्यूटर साइंस उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदन की विस्तृत जानकारी डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायगढ़ डॉट जीओव्ही डॉट इन तथा कार्यालय कलेक्टर के सूचना पटल से अवलोकन किया जा सकता है।

### जिले में 1165.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 सितम्बर तक 1165.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 61 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1160 मिली मीटर, पुसौर में 1250, खरसिया में 1028.5, घरघोड़ा में 1152.7, तमनार में 1092.4, लैलूंगा में 1181.5, मुकडेगा में 1295.4, धरमजयगढ़ में 1240.2, छाल में 1045.5 एवं कापू में 1212.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कुश्ती प्रतियोगिता में महिला पहलवानों ने दिखाया दम-खम

## चक्रधर समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



चक्रधर समारोह के अवसर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में 21 सितम्बर को राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ राज्य के 44 महिला पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिए। प्रतियोगिता में 45-50 किलोग्राम वजन में हरियाणा की मंजित-प्रथम रही। इसी तरह पंजाब की रविना-द्वितीय एवं ज्योति तृतीय तथा उत्तर प्रदेश की सिया तोमर चौथे स्थान पर रही। इसी तरह 50 से 56 किलो ग्राम में आर.एस.पी.बी.की अंकुश प्रथम, पंजाब की रजनी द्वितीय एवं उत्तर प्रदेश की दिव्या तोमर तृतीय एवं प्रियंका चतुर्थ रही। 56 से 52 किलो ग्राम में हरियाणा की रीना-प्रथम एवं हंशिका-द्वितीय, राजस्थान की ज्योति-तृतीय एवं उत्तरप्रदेश की सिया तोमर चौथे स्थान पर रही। इसी तरह 62-72 किलो ग्राम में पंजाब से सिमरन-प्रथम, मंजू-द्वितीय, मनीषा-तृतीय एवं हरियाणा की संजु चौथे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान एक टीम के विजेता को पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण-पत्र, मोमेन्टो से सम्मानित किया गया।

इसी तरह समस्त महिला प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, स्पोर्टस किट एवं नगद राशि भेंट किया गया। इस अवसर पर दिनेश जायसवाल, बलबीर शर्मा, बालकृष्ण डनसेना, आदिवासी विकास से बी.के.राजपूत, विष्णु अग्रवाल, जी.आर.कर्ष सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

# लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के छात्राओं ने किया रक्त दान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बेमेतरा जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के प्रभारी प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राओं के द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंच कर रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एल टंडन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीपी चंद्रवंशी, सिविल सर्जन डॉक्टर एस आर चुरेंद्र, स्टाफ नर्स दीपांजली,




महाविद्यालय नोडल एन आर निर्मल, रेड क्रॉस के संगठक उपेंद्र सिंह सेंगर, शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा रेडक्रॉस एवं एनएसएस प्रभारी सहायक प्राध्यापक सरस्वती चौहान, शुभम जैन, अंकित कुमारए सूरज कुमार सोनी सहित समस्त सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। कन्या महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉक्टर विनिता गौतम ने रक्तदान करने वाले समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद कहा साथ ही साथ यह भी कहा की इस तरह के सबसे बड़ा दान रक्तदान आयोजन में भाग लेना भी कुशल व्यक्तित्व को दर्शाता है।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के संबंध में मतदान केन्द्रों के युक्ति युक्तकरण, द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, दलों द्वारा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार के लिए भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों व दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कलेक्टर सिन्हा ने इस दौरान प्रतिनिधियों को बताया कि जिले की चार विधानसभाओं में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत 16 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, 4 केन्द्रों के स्थल परिवर्तन व 6 मतदान केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन के प्रस्ताव प्राप्त होने के बारे में जानकारी दी गई जिसे आयोग को भेजा जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बारे में जानकारी



दी। उन्होंने बताया कि फार्म-6 के 29 हजार 825, फार्म-7 के 20 हजार 246 और फार्म-8 के 14 हजार 269 आवेदन पत्रों सहित प्राप्त कुल 64 हजार 340 आवेदन पत्र का निराकरण किया गया है एवं आगामी 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही वाहन की अनुमति, हेलीकाप्टर/ विमान का उपयोग, आम सभा की अनुमति, रैली तथा रोड शो, लाउड स्पीकर आदि की अनुमति की प्रक्रिया, आवेदन के प्रारूप, सक्षम प्राधिकारी, आवेदन के साथ प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आदर्श आचरण संहिता, मतदान दिवस, मतदान केन्द्रों व प्रेक्षक के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों व दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण) के माध्यम से प्रचार कंटेन्ट का प्री-सर्टिफिकेशन व मॉनिटरिंग के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, अनिल शुक्ला, पवन शर्मा, प्रिंकल दास, गोपाल बापोड़िया, अनुराग गुप्ता, अरूण अग्रवाल उपस्थित रहे।

# भगवान लेते हैं भक्तों की परीक्षा-अंकुश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



भगवान हमेशा अपने भक्त की परीक्षा लेते है तो जब जीवन मे समस्या या परेशानियां आये तो यह समझना चाहिए कि भगवान तुम्हारी परीक्षा ले रहे हैं। वो भक्त ही कैसा जिसकी भगवान परीक्षा न लें। भगवान ने ध्रुव की परीक्षा ली, मीरा की परीक्षा ली। धर्म नगरी खरसिया की पावन धरा पर गर्ग परिवार मांढीवाल द्वारा आयोजित पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से कथा वाचक पूज्य अंकुश तिवारी महाराज ने गोवर्धन की कथा सुनाते हुए कहा। उन्होंने कहा कि जीवन मे चाहे कितना भी दुख क्यों ना आये हमेशा मुस्कुराते हुए जीवन को बिताना चाहिए।



गौरतलब है कि 17 सितम्बर से 23 सितंबर तक श्रीमद भागवत कथा स्थानीय कन्या विवाह भवन में आयोजित किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण के महारास, मथुरा गमन तथा रुकमणी विवाह की कथा सुनाई गई। गर्ग परिवार के मनीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल पत्रकार, विकास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल सहित सभी ने अपील की है कि वे कथा में पहुंच कर कथा का आनंद लें।

# संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बेमेतरा जिले का रहा उत्कृष्ठ प्रर्दशन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

शासन के मंशानुरुप छत्तीसगढ़ी खेल परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण राज्य में क्लब स्तर, जोनस्तर, विकासखण्ड स्तर फिर जिला स्तर से चयनित होकर संभाग स्तर पर त्रिदिवसीय खेल आयोजन जो 15, 16, 17 सितंबर 2023 को दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के खेलगांव पुरई में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन हुआ जिसमें बेमेतरा जिला सहित कुल सात जिलो के 18 से कमए 18.40 तथा 40 से अधिक आयु वर्ग के महिला तथा पुरुष से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें बेमेतरा जिले के व्यक्तिगत खेलों में गांव भदराली के बिसाहू ध्रुव ने 100 मीटर दौड़, गेंड़ी दौड़ में विरेन्द्र मुरता, कुश्ती में आरती साहू साजा तथा संतोष नवागढ़ अव्वल रहे। दलगत खेलों में कबड्डी पुरुष वर्ग में पुटपुरा जोन, गिल्ली डंडा महिला वर्ग में भदराली जोन तथा बांटी,



भूमिका एवं साथी नगर पंचायत मारो नवागढ़ से गिल्ली डंडा पुरुष वर्ग सनकपाट जोन बेमेतरा बांटी महिला बिरनपुर जोन साजा के प्रतिभागी प्रथम स्थान बनाने कामयाब रहे, जो रायपुर में आयोजित राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यक्तिगत खेल महिला वर्ग से फुगड़ी में तनिष्का, गेंड़ी में गिरजा, कुश्ती में हेमलता सभी ने द्वितीय स्थान हासिल किए। पुरुष वर्ग से रस्सीकूद में गोविंद तथा ऋषभ कुश्ती में राहुल, कर, योगेश तथा सुरज जबकि 100 मीटर दौड़ में नारायण यादवए गेंड़ी दौड़ मे संतोष दलगत प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग से कबड्डी में रानी निर्मलकर एवं साथ, पुरुष वर्ग में बांटी दोशरण एवं साथी,द्वितीय स्थान बनाने में सफल रहे। वहीं तृतीय स्थान 18 से कम में तारणी एवं साथी पिट्ठुल में अन्नू एवं साथी कबड्डी,, पूनम एवं साथी रस्साकसी, 18.40 में सुरमनि एवं साथी पिट्ठुल, मीना एवं साथी रस्साकसी,आशा एवं साथी बांटी, 40 से उपर शकुन एवं साथी पिट्ठुल, चमेली एवं साथी संखली, पुरुष वर्ग 18 से कमं खो-खो देवनारायण एवं साथी, रस्साकसी अमित एवं साथी, 18-40 रस्सा कसी जगदेव एवं साथी, 40 से अधिक पिट्ठुल पुरुषोत्तम एवं साथी तथा कबड्डी घनश्याम एवं साथी। व्यक्तिगत में केशरी वर्मा, प्रियंका,भानूमति अपने आयुवर्ग के बिल्लस में कुश्ती में कविता,भारती तथा प्रियंका पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ रोशान, लंबी कूद प्रमोद ध्रुव, कुश्ती में प्रीतम,ज्ञानेन्द्र, इन प्रतिभागियों को तृतीय स्थान पर संतोष करना पड़ा।

विजेता प्रतिभागियों को जिले के स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा, पीएस एल्मा कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं अपर कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी सहित जिले के खेल विधा से जुड़े मनोज बख्शी, अजय शर्मा, पीएस राजपूत, दिनेश शर्मा, उपेन्द्र सेंगर,तिलक साहू, नारायण यादव, विजय पांडे, चोवाराम मधुकर,खेमलाल साहू, आदि सभी खेल प्रेमियों ने शुभकामनाऐं दिए। जिले के खेल प्रभारी नागेश्वर तिवारी ने बताया कि संभाग स्तर पर प्रथम रहे प्रतिभागी ही राज्य स्तर पर सम्मिलित किए जायेंगे, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 25, 26 तथा 27 सितंबर 2023 को रायपुर के जुनेजा स्टेडियम में आयोजित होना है।

# करकश डी जे के अवाज

करकश डी जे के अवाज
सुन के गुसियागे गनराज।।
लोक रंग लोगन बिसरागे
बैरी कस डी जे जुग आगे
कान के परदा फटगे जैसन
लगत हवै जी आज
करकश डीजे

नशा के सोर म पूजा होवय।
नव जवान मन उमर ल खोवय।।
दसो जघा ले मॉगय चंदा।
नावा जुग के नावा धंधा ।।
चुप बइठे देखत गनराजा
भूलें हें सब लोक लाज
करकश डीजे
नॅदागे हे मॉदर कसताल ।
करमा नाचा मॅजुरा झाल ।।
करमा नॉचय धारिक धार।
लगे देखे म खुशी अपार ।।
कनफोड़वा डी जे के सुर बिन
अब बने न एको काज
करकश डीजे

बिना भाव के होय न पूजा।
तभे गजानन देखय दूजा।।
बिन सरधा बिन होय न भक्ति।
जस भोजन बिन मिलय न शक्ति।।
लोक रंग झन भूलव ग संगी
गढ़लव सुग्घर राज
करकश डीजे

**पुरुषोत्तम ठेठवार**
काष्ठागार धरमजयगढ़

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 23 सितंबर 2023

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची छाल मंडल, हाटी में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।






भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने परिवर्तन यात्रा कर रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ के दो छोर से दो यात्रा निकली है। एक यात्रा जशपुर जिले से निकलकर सरगुजा कोरबा होते हुए धरमजयगढ़ के हाटी पहुंची। जहां भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय जनों ने बड़े ओजस के साथ स्वागत किया। यात्रा में शामिल रामपुर विधायक पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने लोगों को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार को घोटाले की सरकार बताया। शिक्षा में घोटाला करने की बात को प्रमुखता से बताते हुए प्रदेश के जनता के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज प्रदेश के सभी लोग अपने बच्चों को उच्च पद पर पदासीन होकर कार्य करें यह सपने लेकर पढ़ा लिखा रहे हैं। किंतु प्रदेश के सरकार अपने हितैषियों को सीजी पीएससी के परीक्षा में पास करा दिया है। जिस पर मेरे द्वारा प्रदेश के पढ़े लिखे नवजवानों के हितों के लिए मामले को न्यायालय तक ले जाया गया। भाजपा प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया ने क्षेत्र के आम जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में बतौर भाजपा प्रत्याशी के रूप में कमल के बटन दबा कर फूल खिलाने निवेदन किया। विधानसभा से कांग्रेस के वर्तमान विधायक के निष्क्रियता पर तंज कसते हुए क्षेत्र के विकास पे रोड़ा बताया। कुड़ेकेला से आगे छाल जाने के बीच बदहाल सड़क पर परिवर्तन यात्रा में चल रहे गाड़ी गड्ढे में फंस गई। जिस पर धरमलाल कौशिक बिल्हा विधायक प्रदेश सरकार के साथ क्षेत्रीय विधायक के नाकामयाबी पर जमकर बरसे। छाल मण्डल में परिवर्तन रथ यात्रा का स्वागत कर्मा पार्टी बाजे गाजे से किया गया। जहां धरमलाल कौशिक ने लोगों को सम्बोधित करते हुए धरमजयगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया को कमल के फूल छाप में बटन दबा कर आगामी विधानसभा चुनाव में विजयी बनाने की बात कहते हुए प्रदेश सरकार व क्षेत्रीय विधायक लालजीत राठिया के कार्यकाल को शून्य बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनाने से क्षेत्र में विकास द्रुत गति पर होगा। 16 लाख प्रधनमंत्री आवास को प्रदेश सरकार द्वारा नही बनवाने के बात कहते हुए 11 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति राशि को वापस भेजने के आरोप के साथ नल जल योजना पर टँकी का बना होना सड़कों पर गड्ढे खोद छोड़ देने के साथ नल पर पानी न होने की बात कही। इतना ही नही केंद्र द्वारा आबंटित प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल को प्रदेश सरकार द्वारा खाने की बात कही गई। प्रदेश में गोबर के बारे में लोगों से पूछा कितने पैसे गोबर बेंच कर मिला। किसी ने कोई जवाब नहीं दिया तब उन्होंने शराब के बारे में कहा सरकार बनने से पहले झूठे वादे कर प्रदेश के मताओ बहनों को धोखा दिया। प्रदेश में शराब बंदी करेंगे किन्तु उसमें भी घोटाला कर दिया। आपके विधायक आज मैं आ रहा तब पता चला कि यहीं उसका निवास क्षेत्र है जहां हमारी गाड़ी फंस गई ऐसा विकास किया है जहां न तो सड़क है न शिक्षा न स्वास्थ सुविधा तो ऐसे विधायक को अब न साहबो बदल के रहबो कहते हुए आये सभी लोगों का छत्तीसगढ़ी भाषा मे स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। परिवर्तन यात्रा के साथ अनुराग सिंह देव बिलासपुर सम्भाग सहप्रभारी, गुरपाल भल्ला, अरुणधर दीवान भी साथ चल रहे थे।

## एक नजर

### जंतर मन्तर में ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ: चौलेश्वर चंद्राकर द्वारा जातिय जनगणना को लेकर प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।




दोपहर 3 बजे छत्तीसगढ़ के ओबीसी कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा हाथों में तखती लेकर प्रदर्शन कर मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार नारे बाजी कर कहा कि केंद्र के बीजेपी मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है इनका मंशा नहीं है जातिय गत जनगणना कराई जाए ये ओबीसी, एससी एसटी के आरक्षण के घोर विरोधी लोग है। ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर के साथ रामरतन पटेल, कृष्णकुमार यादव दिलीप कौशिक महेंद्र साहू, संजय बरेठ, उज्वल मिरी सहित कई कांग्रेस के समर्थकों ने अपने हाथों में तखती लेकर नारे बाजी की है भारत देश में जातिगत जनगणना किया जाए ओबीसी, एसटी, एससी आरक्षण देना होगा, जो ओबीसी की बात करेगा देश में राज करेगा,ओबीसी एससी एसटी की आवाज राहुल गांधी है आज देश इनके साथ खड़े है इन नारों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया है चौलेश्वर चंद्राकर ने मोदी से सवाल किया है महिला आरक्षण ईसी चुनावी वर्षों में लागू किया जाये साथ ही महिला बिल आरक्षण के साथ सभी समुदाय वर्गों को लाभ दिया जावे। राहुल गांधी का आभार करते हुए कहा है कि संसद भवन में कल भारत सरकार में मात्र तीन सचिव कार्यरत है जबकि मोदी जी ओबीसी वर्ग से आते हैं लेकिन इन वर्गों को भारत सरकार में प्रतिनिधि नहीं मिल पाना दुर्भाग्य है आज ओबीसी वर्गों के साथ राहुल जी खड़े है भारत जोड़ों यात्रा में सभी वर्गों को लेकर यात्रा किए है लेकिन मोदी जी नफ़रत कि बाज़ार खोल रहे हैं । मोदी का मंशा दलित शोषित पिछड़ाए वर्गों को दबाने के लिए राज कर रहे है । अब आगामी चुनाव में निश्चित तौर में बीजेपी सरकार केन्द्र हटाना तय है। और इंडिया की सरकार बनना तय है ।

### वन भूमि से अवैध कब्जा हटा कर किया गया पौधा रोपण

**कांकेर ।** अंतागढ़ वन परिक्षेत्र के ग्राम सरंडी एवं एड़ानार के कक्ष क्रमांक आर.एफ 688 में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर कृषि करने की शिकायत पर कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला तथा वन मंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर जाधव श्री कृष्ण के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उप वन मंडलाधिकारी अंतागढ़ और वन परिक्षेत्र अधिकारी अंतागढ़ के नेतृत्व में वन कर्मियों द्वारा उक्त वन भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराया जा कर स्थानीय ग्राम वासियों के सहयोग से उक्त क्षेत्र में पौधारोपण का कार्य कराया गया।

### शांति समिति में उठी आवाज पर एसडीएम के साथ यातायात प्रभारी और नगर पालिका का अमला निकला कार्रवाई करने

**कांकेर ।** शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक में आवाज़ उठाई गई। एसडीएम के साथ यातायात पुलिस प्रभारी के अलावा नगर पालिका का अमला सुबह से ही नज़ारा देखने के साथ कार्यवाही भी किए,जो आगे भी होते रहेगी।

NH -30 के खराब होने के साथ ही साथ जो अतिक्रमण शहर की सड़कों पर दुकानदारों के द्वारा किए जाने और पुराने बस स्टैंड पर पार्किंग स्थल पर अस्त व्यस्त वाहनों के खड़े होने को लेकर भी कार्यवाही के संकेत मिले हैं। देखना अब यह है कि यह कार्यवाही कब तक चलेगी, यह तो वक्त बताएगा लेकिन फ़िलहाल शहर के सड़कों पर घुमते अधिकारियों को देखकर जरूर चैम्बर के कुछ पदाधिकारियों के कान खड़े हो गए,लेकिन शांति समिति की बैठक में उपस्थित कुछ चैम्बर के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि अतिक्रमण हो रहा है इसे ठीक करने की आवश्यकता है।

## राजधानी में कार सवार तीन लोगों से 2.77 करोड़ की चांदी बरामद

जांच अभियान में पकड़े गए आरोपी

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व राजधानी पुलिस एक्शन मोड में चल रही है। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान का असर अब दिखने लगा है। इसी क्रम में पुलिस ने 355 किलो चांदी के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार में बने चैंबर और डिक्की में 2.77 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की चांदी की तस्करी की जा रही थी।

मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने कल रात सघन जांच अभियान चलाया था। सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा सोने-चांदी की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने जांच अभियान के दौरान कार सवार तीन लोगों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में उत्तर प्रदेश आगरा निवासी संजय अग्रवाल, नाहर सिंह, रामकुमार सिंह को पकड़ा गया। आरोपियों की कार से 355 किलो चांदी जब्त किया गया। जब्त चांदी की कीमत दो करोड़ 77 लाख 89 हजार 7 सौ रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में युवक जेवर के संबंध में कुछ नहीं बता पाए, जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर 355 किलो चांदी को जब्त किया है। हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ की जा रही है।

विधानसभा चुनाव-2023 के मद्देनजर पूरे छत्तीसगढ़ में पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। राज्य की सीमा से लगे चौकियों और जिले के बॉर्डर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## अभियानः एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारियों ने परखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर नये सिरे से थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसमें मुख्यत- बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करना, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों की जांच, बैंक गार्ड व उसके हथियार की म्याद की स्थिति की जांच, बैंक के आसपास असामाजिक तत्वों के जमावड़े आदि की जांच के साथ बैंक प्रबंधन को सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश देना व बैंक सिक्योरिटी आडिट रिपोर्ट भेजना है ।

पुलिस कप्तान ने निर्देशन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा चक्रधरनगर स्थित टी.वी. टावर एसबीआई बैंक और मेडिकल कॉलेज एसबीआई बैंक चेक किया गया । उन्होंने सुरक्षा के सभी उपकरणों के संबंध में बैंक अधिकारियों से चर्चा कर स्वयं फिजिकली चेक किया गया तथा बैंक में तैनात गार्ड के हथियार और उसके म्याद की जानकारी ली गई । उन्होंने बैंक मैनेजर तथा बैंककर्मियों से आपातकालीन स्थिति में क्या करें क्या ना करें इस संबंध में से चर्चा कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया है ।

वहीं जिले के अन्य थानाक्षेत्रों में भी थाना प्रभारियों एवं स्टाफ द्वारा बैंक और एटीएम की जांच की गई । पुलिसकर्मियों ने बैंक के पास खड़े संदिग्धों की चेकिंग की गयी। वहीं चेकिंग के दौरान बैकों मे लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों, आलर्म आदि को भी चेक किया गया और सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात गार्ड को जरुरी दिशा निर्देश दिये गये हैं तथा बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ कर बिना वजह मौजूद ना रहने की हिदायद दी गयी। अभियान के तहत ज़िले के सभी बैंकों के सुरक्षा रिपोर्ट संबंधित बैंक को भेजी जाएगी जिससे उन कमियों को दुरुस्त किया जा सके ।

## छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नत समिति ने डीपीआई संचालक को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शिक्षक से व्याख्याता पदोन्नति प्रक्रिया जल्द पूर्ण कराने छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नति समिति प्रदेश संचालक मुकुन्द उपाध्याय, रामविस्वास सोनवानी, जय प्रकाश झा, सादिक अंसारी, अजय श्रीवास्तव, महेंद्र चंदुराम देशमुख, परमानंद पटेल, अवधेश वर्मा राजवाड़े, सुनील साहू, रामचरण साहू, बिरस यादव, बुधपाल शिन्दे, के नेतृत्व में समिति के 50 सदस्यीय कोर कमेटी सदस्यों द्वारा डीपीआई के संचालक सुनील जैन, उप संचालकों से भेंटकर ज्ञापन पत्र सौंपा। मुकुन्द उपाध्याय ने ज्ञापनपत्र देते हुये कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया कब तक पूर्ण हो जायेगी। उन्होने बताया 20 सितंबर को ई संवर्ग की अन्तिम वरिष्टता सूची जारी कर दी गई है, टी संवर्ग की सूची जारी होना बचा है उस पर उन्होंने समिति को आश्वस्त किया की आज शाम तक टी संवर्ग की सूची जारी कर दी जायेगी। और जल्द ही पदोन्नति हेतु डीपीसी आयोजित कर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को भरोसा दिलाया है कि आप लोगों की पदोन्नति हेतु डीपीसी व अन्य प्रक्रिया 30 सितम्बर तक पूर्ण करते हुये आचार संहिता के पूर्व पदोन्नति की विषयवार कॉन्सलिंग कर दी जाएगी। समस्त अधिकारियों का पदोन्नति हेतु सकारात्मक सोच को देखते हुए उपाध्याय ने अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समिति के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा से सौजन्य भेंटकर पुष्प गुच्छ मिठाई देते हुये 5 सितम्बर को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होने बधाई दी। प्रदेशभर के कर्मचारियों को डीए, एचआर, दिलाने हेतु आभार व्यक्त किए। कमल वर्मा ने भी पदोन्नति में सहयोग करने की बात कही। प्रदेशभर से आये शिक्षको ने अपने प्रदेश संचालक मुकुन्द उपाध्याय का पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाते हुये राज्यपाल से पुरुस्कृत होने पर बधाई दिये। समिति के सदस्यों ने अंत में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि 30 सितम्बर तक पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी व डीपीसी नही होती है, तो 3 अक्टूबर को प्रदेशभर के शिक्षक डीपीआई आकर पुनः भेट ज्ञापन पत्र देंगें। और 30 सितम्बर के पहले समय समय पर पदोन्नति की अपडेट हेतु अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही व प्रगति पर समिति नजर रखेगी। सभी जिलों में 20 20 साथियो की कोर कमेटी बनेगी जो तत्काल रायपुर आने हेतु हमेशा तैयार रहेगी आज के इस कार्यक्रम में सुरजपुर, कोंडागांव, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर, जीपीएम सहित अनेक जिले के साथीगण उपस्थित थे। वहीं जिला रायगढ़ से आए केके नायक एवं प्रकाश शर्मा के विशेष नेतृत्व में रामचरण साहू, नोहर दास महंत, गौरी शंकर राठिया, ओम प्रकाश कमल ने शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव डाक्टर आलोक शुक्ला से मिले, जहां शिक्षा सचिव ने साफ शब्दो में कहा कि पदोनत्ती जल्दी होगा सीधी भर्ती के कारण थोड़ा विलंब हो रहा है। समय रहते करा लेंगे सभी निश्चिंत रहे पदोन्नति होगा।इस प्रक्रिया में आचार संहिता का कोई प्रभाव नहीं रहेगा।

## अंग दान कराने एवं स्वयं अंगदान करने की ली प्रतिज्ञा



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

स्वास्थ्य विभाग धरमजयगढ़ द्वारा मुख्यालय में अंग दान कराने एवं स्वयं अंगदान करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़ डॉक्टर मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार देश में प्रतिरक्षण के लिए अंगों एवं उतको की कमी को देखते हुए अंगदान हेतु समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी द्वारा अंगदान करने हेतु लोगों को प्रेरित करने एवं स्वयं अंगदान करने हेतु प्रतिज्ञा लिया गया।

ताकि जरूरतमंदों को अंग एवं ऊतक दान किया जा सके एवं किसी जरूरतमंद को अंग प्राप्त हो सके। जिससे उसका जीवन बचाया जा सके। उक्त प्रतिज्ञा कार्यक्रम में विकासखंड धरमजयगढ़ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएल भगत, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक भास्कर देवांगन, विकासखंड लेखा प्रबंधक आनंद मिरी, मितानिन कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वय एवं मितानिन प्रशिक्षक साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कार्यकर्ता सीएससी धरमजयगढ़ एवं सिविल अस्पताल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

चाय नाशते की दुकान पर झगड़ा मारपीट

## बीच बचाव कर रहे व्यक्ति का आरोपी युवक ने ईट से सिर फोड़ा और किया चाकू से प्राणघातक हमला

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।




कल शाम थाना चक्रधरनगर अंतर्गत ग्राम विजयपुर पेट्रोल पंप के पास अगल-बगल चाय नाश्ता दुकान लगाने वाले दुकानदार आपसी प्रतिस्पर्धा को लेकर आपस में भीड़ गये । झगड़ा विवाद के बीच बीच बचाव कर दुकान में काम करने वाले व्यक्ति का आरोपित युवक ने ईट से सिर पर मारकर गंभीर चोट पहुंचाया और चाकू से भी वार किया । चक्रधरनगर पुलिस ने आहत के रिपोर्ट पर आरोपित युवक विशाल गुप्ता पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर तत्काल आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । घटना को लेकर कल शाम आहत समीर खान (45 साल) निवासी जमुनाइंन चौक, चक्रधरनगर रायगढ़ द्वारा थाना चक्रधरनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि विजयपुर में मां विहार कालोनी के पास गीता सिंह चाय नास्ता की होटल खोली है, जहां करीब 03 माह से चाय नास्ता बनाने का काम करता है । कल दिनांक 21.09.2023 के शाम होटल के बगल में दुकान चलाने वाला चंदन गुप्ता का भाई विशाल गुप्ता होटल में आया और होटल मालकिन गीता सिंह को तुम्हारे होटल के चलते हमारा होटल नहीं चल रहा है, होटल बंद कर दो कहकर गाली गलौच झगडा करने लगा जिसे समीर खान ने झगड़ा करने से मना किया तो विशाल गप्ता तुम कौन हो मना करने वाले कहकर समीर खान से गाली गलौच करते हुये वहां पर पड़े ईट के टुकडे से समीन के सिर में मारा और अपने पास रखे चाकू से समीर पर वार करने लगा जिसे समीर ने बीच बचाव किया । घटना की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा आरोपी विशाल गुप्ता पर धारा 294, 307 आईपीसी के तहत दर्ज कर तत्काल अपने स्टाफ के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया गया, आरोपी को आईटीआई कालोनी के पास से हिरासत में लेकर थाने लाया गया ।

आरोपी विशाल गुप्ता पिता स्व. रामदेव गुप्ता उम्र 20 साल निवासी आईटीआई कालोनी थाना चक्रधरनगर रायगढ़ से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईट एवं चाकू की जप्ती कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी विशाल पूर्व में भी चोरी और मारपीट के अपराध को अंजाम दे चुका है । आरोपी पता तलाश में सउनि उदय सिंह सिदार आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे , अभय नारायण यादव , शैलेंद्र पैंकरा की विशेष भूमिका रही है ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in